दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। शुक्रवार 24 जनवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 36 पेज-09 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

# 'शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए सरकार 100 नए सैनिक स्कूल खोलेगी' : राजनाथ सिंह



**अलप्पुझा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत में बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए केंद्र सरकार ने देशभर में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने का फैसला किया है। सरकार का यह कदम राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान देगा। सैनिक स्कूलों में लड़कियों के प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त किया केरल के अलप्पुझा में विद्याधिराज सैनिक स्कूल के 47वें वार्षिक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि केंद्र सरकार ने सैनिक स्कूलों में लड़कियों के प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त किया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने सैनिक स्कूलों की पहुंच देश के जिले तक बढ़ाने का फैसला किया है, ताकि विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और दूरदराज के क्षेत्रों से छात्रों को इसमें शामिल किया जा सके। सैनिक को केवल युद्ध के नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जैसे-जैसे देश स्वास्थ्य, संचार, उद्योग, परिवहन और रक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति के साथ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, उसे देखते हुए शिक्षा और बच्चों के समग्र विकास में क्रांति की आवश्यकता है। किसी सैनिक को केवल युद्ध के नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि प्रत्येक सैनिक में कई अन्य गुण होते हैं। उन्होंने कहा कि एक सैनिक अनुशासित होता है, अपने लक्ष्य पर केंद्रित होता है, निस्वार्थ भाव से सेवा करता है, आत्म-नियंत्रण रखता है और समर्पित होता है। ये गुण कई महान लोगों में भी देखे जाते हैं, जैसे स्वामी विवेकानंद, आदि शंकराचार्य और राजा रवि वर्मा। इनके लिए संघर्ष के मैदान सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक या धार्मिक सुधार थे।

## भारत का विकास समावेशी और न्यायसंगत होना चाहिए : राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत तेजी से विकास करने वाला देश है। लेकिन इसका विकास समावेशी, न्यायसंगत, पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ और नैतिक रूप से वांछनीय होना चाहिए। वह केरल के पथनमथिट्टा जिले में प्रसिद्ध लेखिका और पर्यावरणविद् सुगाथाकुमारी की 90वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश की खपत जरूरत आधारित होनी चाहिए न कि लालच आधारित। स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए व्यवहार में बदलाव की जरूरत है। राजनाथ सिंह ने आत्मनिर्भरता के पथ पर भारत की तीव्र प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के सहयोग से स्वास्थ्य, संचार, उद्योग, परिवहन और रक्षा जैसे क्षेत्रों में नई ऊंचाइयां हासिल की जा रही हैं। रक्षा मंत्री ने सरकार के इस प्रयास को भी दोहराया कि भारत के युवा राष्ट्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करते हुए अपनी आकांक्षाओं के अनुरूप जीवन में आगे बढ़ेंगे।

## मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान जनरल वीके सिंह ने मिजोरम राज्य की मुख्य स्थिति को लेकर भी चर्चा की।



# वसुंधरा मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी ने कार्यकर्ताओं के साथ संविधान गौरव अभियान का किया आयोजन

## घर-घर वितरित किए पत्रक, लोगों को बताई केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा मंडल के वार्ड-36 प्रहलाद गढ़ी व वार्ड-89 वैशाली में अनुसूचित बाहुल्य बस्ती में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान गौरव अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने वार्ड नंबर 36, 88 की सेवा बस्ती का भ्रमण किया। जहां उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'संविधान हमारा गौरव है' विषय पर जन-जागरूकता फैलाना था। टीम ने घर-घर जाकर पत्रक वितरित किए। संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत जनसंपर्क कर देश के संविधान व डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों का पत्रक वितरित करके आम जनमानस तक पहुंचने का कार्य किया। इस अवसर मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी, पार्षद प्रतिमा शर्मा,पार्षद राजकुमार भाटी, पार्षद नरेश भाटी, राजीव शर्मा, महामंत्री कान्ति त्यागी, लव कुमार, अमरेश चौधरी, विशाल चौधरी, राहुल तिवारी, निशांत त्यागी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती धूमधाम से मनाई




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुरूवार को सामाजिक संस्था विद्यार्थी विकास समिति रजिस्टर ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क कंपनी बाग में धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बारे में वक्ताओं ने अपने वक्तव्य कहे और उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की देश की आजादी में जो उन्होंने कुर्बानियां दी उसके बारे में बताया। सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस के अवसर पर संस्था के संरक्षक नरेंद्र सिंह चौहान को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के संरक्षक नरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज का गठन किया और देश की आजादी में बहुत बड़ा योगदान रहा।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष बाबूराम शर्मा, त्रिलोक सिंह, हुमायूं मिर्जा, सुभाष चंद जाटव, पवन शर्मा, श्रीचंद दिवाकर, विनोद शर्मा, कु० बीना राठौर, श्रीमती स्वीटी जैन, गुलजार अहमद, बबलू सेठ, वीरेंद्र कुमार गोयल, मनोज भारद्वाज, कु० अंशिका तिवारी, कु० निधि तिवारी, रवि सिंगर, कासिम प्रधान, विनोद शर्मा, श्रीमती शालिनी, कु० माही, बलजीत सिंह भाटी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# पृथ्वी सिंह को डॉ.अतुल जैन ने जन्मदिन की बधाई दी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पृथ्वी सिंह कसाना के जन्मदिन के अवसर पर हिंदी भवन में आयोजित काव्य उत्सव में उपस्थित होकर गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन आफ उत्तर प्रदेशके महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन ने और अंजू जैन ने पृथ्वी सिंह कसाना को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि वे सदैव स्वस्थ रहें प्रसन्न रहें और दीघार्यु हों तथा सामाजिक क्षेत्र में सेवा के कार्यों में संलग्न रहते हुए राजनीति में प्रगति करते रहे ।

# लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने मनाई नेता सुभाष चन्द बोस जयंती




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गुरुवार को लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने राजबाग राधेश्याम पार्क ने नेता सुभाष चन्द बोस की जयंती का आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष राम दुलार यादव समाजवादी चिन्तक के साथ उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर स्मरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागेन्द्र प्रसाद मौर्य, सञ्चालन डा देवकर्ण चौहान ने किया, मुख्य अतिथि डा विशन लाल गौड़, सतीश चौधरी, सी बी मौर्य, दिनेश चन्द जैन, अवधेश मौर्य ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर राम दुलार यादव ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द बोस में नवजवानों को प्रेरित करने की विलक्षण प्रतिभा थी, उन्होंने न केवल युवाओं को ही बल्कि महिलाओं को प्रेरित कर आजाद हिन्द फौज में झाँसी की रानी रेजिमेंट बना स्वतंत्रता आन्दोलन में लड़ने के लिए तैयार किया, नेता जी जब रंगून में नवजवानों का आह्वान कर रहे थे और कहा कि आजादी बलिदान मांगती है तुम हमें खून दोगे, हम तुम्हे आजादी देंगे, हजारों युवक, युवतियां आगे आ गयी, नेता जी ने सबसे खून से प्रतिज्ञा पत्र पर हस्ताक्षर करवाये, 17 युवतियों ने खून से प्रतिज्ञा पत्र पर हस्ताक्षर कर सभी में स्वतंत्रता और आजाद हिन्द फौज में जोश भर दिये। महिलाओं में इतना जोश था कि नेता जी के जन्म दिन के अवसर पर उनके सम्मान में भारत माता को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए अपने गहने उनके वजन के बराबर दान कर दिया। सुभाष बाबू को स्मरण कर हम गौरवान्वित, धन्य समझ रहे है, काश आप जैसे नेता होते आप की कमी हमेशा भारत देश के लोगों के मन में रहेगी, कि शायद कोई सुभाष फिर मानसिक गुलामी, असमानता, अनाचार, अन्धविश्वास, अन्याय, शोषण से मुक्ति दिलाने सद्भाव, भाईचारा, प्रेम पैदा करने के लिए जन्म ले। उन्होंने कहा था कि अन्याय का विरोध करना इन्सान का फर्ज है, चाहे परिणाम कुछ भी हो, अन्याय और शोषण का विरोध न करने की कमजोरी ने ही हमें ब्रिटिश का गुलाम बनाया।

इन अवसर पर मुनीव यादव, सत्यपाल वर्मा, एस एन जायसवाल, फूलमती यादव, आकृति, शिवकुमार कौशिक, इंजी0 धीरेन्द्र यादव, अखिलेश कुमार शुक्ल, सुभाष यादव, अमर बहादुर, ब्रह्म प्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।

### केडब्लू दिल्ली 6 मॉल पहुंची निगम की टीम

# हाउस टैक्स वसूली की रफ्तार को बढ़ाएं बड़े बकायेदारों पर हो कड़ी कार्यवाही- नगर आयुक्त




216 दुकानों का हाउस टैक्स बकाया, जोनल प्रभारी ने दी चेतावनी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम लगातार हाउस टैक्स वसूली को बढ़ाने में जुटा हुआ है। जोनल प्रभारी सिटि जोन महेंद्र द्वारा भी राज नगर एक्सटेंशन पहुंचकर बड़े बकाएदारों पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी है। जिसमें केडब्लू दिल्ली 6 माल को भी बकाया जमा ना होने पर चेतावनी दी गई है। मॉल में 467 दुकान हैं जिसमें से 251 का हाउस टैक्स जमा हो चुका है। 216 दुकानों पर लगभग 50 लाख बकाया है। जिसको दो दिन के भीतर जमा करने के लिए संबंधित दुकानदारों को अवगत कराया गया। टैक्स जमा ना करने की दशा में सीलिंग की कार्यवाही किये जाने की कड़ी चेतावनी भी दी गई। राजनगर एक्सटेंशन में स्थित जीएनबी मॉल पर भी सिटी जोन की टीम द्वारा हाउस टैक्स वसूली के लिए दो दिन के भीतर कर जमा करने के लिए कहा गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में लगातार हाउस टैक्स वसूली को रफ्तार दी जा रही है। सिटी जोन के साथ-साथ अन्य जोन भी हाउस टैक्स वसूली के लिए टीम सहित बड़े-बड़े प्रतिष्ठानों में पहुंच रहे हैं। बड़े करदाताओं को अपना हाउस टैक्स जमा करने की अपील भी गाजियाबाद नगर निगम कर रहा है।

# संभल सांसद को अवैध निर्माण मामले में एसडीएम कोर्ट ने दिया 30 जनवरी तक का समय



**संभल।** संभल से समाजवादी पार्टी सांसद जियाउर्रहमान बर्क के दीपा सराय स्थित मकान के अवैध निर्माण मामले में एसडीएम कोर्ट ने एक और सप्ताह का समय दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 30 जनवरी को होगी। इससे पहले 16 जनवरी को भी एसडीएम ने उन्हें एक सप्ताह का समय दिया था। सांसद की तरफ से उनके वकील ने कोर्ट में पेश होकर प्रार्थना पत्र दिया कि अवर अभियंता द्वारा उनके निर्माण को नवनिर्माण बताया गया है, वह नव निर्माण नहीं है। इसके बाद एसडीएम वंदना मिश्रा ने अवर अभियंता को भी नोटिस जारी किया है। एसडीएम वंदना मिश्रा ने आईएएनएस को बताया, ₹इस मामले में पक्ष की तरफ से उनके वकील ने हमें नवनिर्माण की बात पर एक प्रार्थना पत्र दिया था। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि अवर अभियंता ने रिपोर्ट दी है कि यह नव निर्माण है, लेकिन वह नव निर्माण नहीं है। उसके संबंध में हम अवर अभियंता को नोटिस जारी कर रहे हैं। नगरपालिका परिषद में जो संपत्ति अंकित है उसमें दो ही नाम हैं। उसमें जियाउर्रहमान बर्क का नाम अंकित है।

# स्वास्थ्य, शिक्षा और बायोएथिक्स में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** संतोष यूनिवर्सिटी प्रताप विहार में स्वास्थ्य, शिक्षा और बायोएथिक्स में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय डेंटल बायोएथिक्स यूनिट, संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी गर्व के साथ एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसका शीर्षक है स्वास्थ्य शिक्षा और बायोएथिक्स में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा। संतोष ग्रुप के चेयरमैन डॉ पी महालिंगम ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य उपयोगी संवाद, विचारों का आदान-प्रदान और उन साझेदारियों को प्रोत्साहित करना है जो स्वास्थ्य शिक्षा और अनुसंधान में नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा दें। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा और बायोएथिक्स के क्षेत्र के प्रतिष्ठित वैश्विक नेताओं की भागीदारी होगी। कार्यक्रम में डॉ. रिकार्डो लियोन बोरक, अध्यक्ष फेडरेशन ऑफ मेडिकल एजुकेशन मेक्सिको, प्रोफेसर डॉ. हार्म पीटर्स, अध्यक्ष एएमईई यूरोप, प्रोफेसर मडलेना पार्टिको, कोऑर्डिनेटर ऑफ मेडिकल एजुकेशन, यूनिवर्सिटी ऑफ लिस्बन, पुर्तगाल, प्रोफेसर राजीव टंडन, प्रोफेसर, मिशिगन यूनिवर्सिटी ,अमेरिका शामिल होंगे। वाईस चांसलर डॉ बी एन महालक्ष्मी ने बताया कि राष्ट्रीय डेंटल बायोएथिक्स यूनिट, संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी लंबे समय से स्वास्थ्य क्षेत्र में नैतिक प्रथाओं को प्रोत्साहित करने में अग्रणी र ही है। यह कार्यक्रम वैश्विक स्वास्थ्य शिक्षा समुदाय में बायोएथिक्स के प्रति जागरूकता और सहयोग को बढ़ावा देने की इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## जब्त अधिकृत गैस सिलेंडरों से बनेगा 'सुरक्षा अमृत कलश'

# अग्निशमन विभाग ने मेला क्षेत्र में पकड़े 250 से अधिक अधिकृत गैस सिलेंडर



**प्रयागराज करंट क्राइम।** महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आगजनी की घटना के बाद अग्निशमन विभाग ने छोटे अधिकृत गैस सिलेंडरों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। पिछले दो दिनों में मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में मेला क्षेत्र से ऐसे 250 से अधिक गैस सिलेंडरों को जब्त किया गया है। शर्मा ने बताया कि यह अभियान अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर व डी आई जी श्री वैभव कृष्णा के दिशा-निर्देशन में चलाया जा रहा है। महाकुम्भ मेला में छोटे गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण हो रही अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए एक अभियान छेड़ा गया है । खबरें मिली थीं कि अग्निशमन विभाग की रोक के बावजूद कुछ लोग चोरी- छुपे ऐसे अनाधिकृत गैस सिलेंडरों का प्रयोग खाना बनाने आदि में कर रहे हैं। अग्निशमन विभाग की चेतावनी के बावजूद जब लोगों ने इन अनाधिकृत गैस सिलेंडरों का उपयोग बंद नहीं किया तो अग्निशमन विभाग को व्यापक स्तर पर अभियान छेड़ना पड़ा। श्री शर्मा ने बताया कि बुधवार और गुरुवार को चले अभियान में ऐसे 250 से अधिक अवैध गैस सिलेंडर पकड़े गए हैं, जिन्हें जब्त करके कोतवाली लाया गया है। अब इन सिलेंडरों को ध्वस्त किया जाएगा और इनसे एक कलाकृति 'सुरक्षा अमृत कलश' बनाया जाएगा। श्री शर्मा ने बताया कि 'सुरक्षा अमृत कलश' को महाकुम्भ मेला क्षेत्र के एक चौराहे पर आग से बचाव का संदेश देते हुए स्थापित किया जाएगा।

प्रमोद शर्मा ने बताया कि मेला शुरू होने से पहले ही अग्निशमन ने सभी 25 सेक्टरों में अपने कैंप स्थापित किए हैं। यहां 24 घंटे अग्निशमन विभाग के जवान तैनात रहते हैं। अग्निशमन विभाग किसी भी चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहता है। साथ ही, लोगों को आग लगने पर क्या करें और क्या ना करें? इसे लेकर जागरूक करता है। अभियान के दौरान इंडियन आयल के सीजीएम के.एम ठाकुर भी साथ रहे।

# सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी ने आयोजित किया नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मोत्सव समारोह




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुरूवार को सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी ने अपने कार्यालय पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिवस समारोह आयोजित किया जिसमें नेताजी की फोटो पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और राष्ट्र के लिए किए गए उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद किया गया।

पार्टी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव के निधन के बाद यह पहली मीटिंग पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई थी, सबसे पहले उनके लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। उसके बाद समारोह की अध्यक्षता सुभाषवादी पार्टी के संस्थापक सतेन्द्र यादव ने की। उन्होंने नेताजी की फोटो पर माल्यार्पण करने के बाद कहा की नेता जी ने इस देश की आजादी के लिए बहुत योगदान दिया है। जहां महात्मा गांधी ने अहिंसा को आजादी के लिए अपना हथियार बनाया वही नेता जी ने अंग्रेजों को उन्ही की जबान में समझाने के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया।

इस अवसर पर अनिल मिश्रा, राजेश्वर यादव, संजय शास्त्री, अनुपम अग्रवाल, धीरेन्द्र सिंह भदौरिया, राजेंद्र गौतम, राजेंद्र यादव, राम नरेश ठाकुर, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, जे पी द्विवेदी, ए के मिश्रा, कमल यादव, गणेश शर्मा, रोहित कसाना, ब्यास पांडेय, हरि शंकर वर्मा, तेजेंद्र वर्मा, अवजेश कुमार, प्रभा शंकर सिंह, कप्तान गोपाल सिंह, डॉ राजीव श्रीवास्तव, मनोज अग्रवाल, सुरेश यादव, महेश कुमार पांडे, सतपाल यादव, गौरव यादव, मयंक ग्रोवर, सुजीत तिवारी, पवन कुमार सक्सैना, रवि राणा, गोपाल सिंह, हरीश शर्मा, जगदीश गोयल, रोहित, रिंकू, अक्षय, दीपक वर्मा, नवीन, विकास, प्रिंस, विवेक राणा, अक्षय ने नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# काम के दम पर दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जीत निश्चित : सिकंदर यादव



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वरिष्ठ समाजसेवी सिकंदर यादव ने बताया कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने जमीनी स्तर पर बहुत काम किए हैं। शिक्षा प्रणाली में सुधार करते हुए दिल्ली के स्कूलों को नए तरीके से विकसित किया है और नए स्कूल भी बनाए गए हैं। दिल्ली की जनता को निःशुल्क शिक्षा मिल रही है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए हॉस्पिटलों में सुविधाओं को बढ़ाया है और मोहल्ला क्लीनिक खुले हैं। इस सुविधा का कॉलोनी के लोगों को स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है। दिल्ली में अधिकतर महिलाएं कामकाजी हैं जिस कारण उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान पर सुबह शाम जाना पड़ता है। महिलाओं के लिए बस की सुविधा फ्री होने पर महिलाओं को काफी राहत मिली है। शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं का ध्यान आम आदमी पार्टी दे बखूबी रखा है जिस कारण इस बार भी आम आदमी पार्टी की

# श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर संजय नगर में हुआ रामचरितमानस का अखंड पाठ और भंडारा





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** 22 जनवरी 2024 को जब अयोध्या में श्रीराम लला की जन्म भूमि पर मंदिर का श्रीगणेश हुआ था तब इसी हनुमान मंदिर में सात दिवसीय महोत्सव मनाया गया था और अब प्रथम वर्षगांठ पर को भी हनुमान मंदिर सेवा ट्रस्ट के द्वारा बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के अंदर 21 जनवरी को रामचरितमानस की अखंड पाठ का शुभारंभ हुआ तथा 22 जनवरी को अखंड रामायण संपूर्ण होने पर यज्ञ का आयोजन हुआ तथा विशाल भंडारा भी किया गया। रामचरितमानस के पाठ को राहुल एंड कंपनी द्वारा संगीत में किया गया तथा हवन महंत सुरेंद्र तिवारी एवं अनूप मिश्रा एडवोकेट, शिवकुमार शर्मा, सुरेंद्र पाल त्यागी, रमेश बंसल सीमेंट वाले के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य संयोजक राधेश्याम नारंग का भी ट्रस्ट द्वारा पटका पहनाकर स्वागत किया गया तथा पंडित मनोज मिश्रा, श्रीमती मुकेश शर्मा, गजेंद्र शर्मा एवं मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी वी के अग्रवाल, पार्षद पप्पू नागर, वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर हरीश शर्मा, अक्षय शर्मा, सचिन उपाध्याय ने सहयोग दिया। इस अवसर पर 11 किलो का एक केक काटा गया।

# परिवार में तीन बच्चे होने पर रजत पदक और चार बच्चों पर स्वर्ण पदक से होंगे सम्मानित



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि विप्र समाज के परिवार में अधिक बच्चे होने चाहिए। आज ब्राह्मणों की संख्या कम हो रही है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी से अपील करते हुए कहा कि आप संख्या बढ़ाए। आने वाली संताने इस देश में अपना नाम, अपना समाज, अपना गोत्र, अपना सूत्र, सभी की रक्षा कर सकें। सनातन की रक्षा तभी होगी तब ब्राह्मणों की संख्या पर्याप्त होगी। उन्होंने घोषणा की, कि किसी भी विप्र परिवार में तीन बच्चे होने पर रजत (चांदी) पदक और चार बच्चों पर स्वर्ण पदक दिया जाएगा। इस योजना का मकसद केवल ब्राह्मण समाज की आबादी को बढ़ाना और बच्चों को सही शिक्षा और प्रशिक्षण दिया जाना है। बच्चों को जन्म देने वाली मात्र शक्तियों को गेहूं का आटा, गोंद, मखाने, सूखा नारियल का बुरादा, काजू, बादाम, सोंठ, अजवाइन, देसी घी, गुड़, खरबूजे की गिरी, आदि ताकत की सामग्री भी दी जाएगी। इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के संस्थापक उपाध्यक्ष पंडित आरसी शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव विनीत कुमार शर्मा, राष्ट्रीय सचिव योगेश दत्त गौड़, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लोकेश कौशिक, संस्था के धमार्चार्य प्रमुख बृजकिशोर शर्मा बृजवासी, जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा,मौजूद थे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 24 जनवरी - 2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# गाजियाबाद के पक्ष और विपक्ष की है दिल्ली प्रदेश चुनाव पर नजर

## यहां भाजपा परफार्मेंस का पड़ेगा सांसद अतुल गर्ग की स्थिति पर कितना असर






**दिल्ली टिकट बंटवारे में प्रदेश सह प्रभारी होने के नाते अतुल गर्ग की राय भी महत्वपूर्ण रही है।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली में चुनाव हैं और जब भी दिल्ली में चुनाव होता है तो गाजियाबाद वालों का यहां एक लगाव होता है। संगठन की ओर से यहां के नेताओं की ड्यूटी लगाई जाती है। इस बार भी शहर विधायक संजीव शर्मा से लेकर अन्य नेताओं की ड्यूटी लगी है। लेकिन इस चुनाव में जो सबसे खास बात है वो ये है कि इस बार दिल्ली चुनाव गाजियाबाद के लिए अहम है। पहले ये होता था कि गाजियाबाद के दावेदार दिल्ली के बड़े भगवा नेताओं के यहां दिखाई देते थे। इस बार ये हुआ है कि दिल्ली के कई विधानसभा टिकट दावेदार गाजियाबाद में कविनगर में दिखाई दिये। वो अपनी पैरोकारी को मजबूत करने आए थे और यहीं से दिल्ली चुनाव में गाजियाबाद की वो एंट्री है जिस पर सबकी नजर है। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को दिल्ली चुनाव का प्रदेश सहप्रभारी बनाया गया है। उनकी राय अहम है और माना तो ये भी जाता है कि दिल्ली टिकट बंटवारे में प्रदेश सह प्रभारी होने के नाते अतुल गर्ग की राय भी महत्वपूर्ण रही है।

दिल्ली चुनाव में पार्टी ने उनका कद बढ़ाया है, उन्हें स्टार प्रचारक बनाया है। जिन बैठकों में प्रधानमंत्री शामिल रहे हैं, बड़े नेता शामिल रहे हैं, उन बैठकों में भाजपा ने अतुल गर्ग को भी बिठाया है। दिल्ली चुनाव में जो पार्टी की तरफ से प्रचार वाले होर्डिंग लग रहे हैं उनमें स्टार प्रचारक सांसद अतुल गर्ग का भी फोटो है। गाजियाबाद के सांसद का ये कद है और अब वो विपक्ष के नेता हों, वो पक्ष के नेता हों सभी की दिल्ली चुनाव पर नजर है। यहां भाजपा के परफार्मेंस से अतुल गर्ग का भी कनेक्शन जुड़ा है। केवल दिल्ली वाले नजर रख रहे हैं, ऐसा नहीं है क्योंकि इस चुनाव पर गाजियाबाद के नेता भी नजर रख रहे हैं। क्योंकि गाजियाबाद के लोकल नेता के रूप में अतुल गर्ग यहां बड़ी पारी खेल रहे हैं। उनकी सियासी उड़ान को स्थानीय नेता वॉच कर रहे हैं।

सियासत में अपने ही विरोधी होते हैं, लिहाजा कुछ ऐसे भी हैं जो सफलता की उड़ान के नीचे आने का भी इंतजार कर रहे हैं। गाजियाबाद में अतुल गर्ग परफॉर्मिंग नेता माने जाते हैं। लगातार विधानसभा का चुनाव जीते हैं। प्रदेश सरकार में मंत्री रहे हैं और अब राष्ट्रीय राजनीति में बड़ी पारी खेल रहे हैं। उन्हें दिल्ली चुनाव में भाजपा ने प्रदेश सहप्रभारी बनाया है। अब ये तय है कि दिल्ली चुनाव में भाजपा की परफार्मेंस का सीधा कनेक्शन सहप्रभारी होने के नाते अतुल गर्ग से भी है। यदि यहां भाजपा सरकार बनाती है, यदि यहां भाजपा अप्रत्याशित रूप से अपनी सीटों में इजाफा करती है तो फिर दिल्ली चुनाव सांसद अतुल गर्ग के लिये मील का पत्थर साबित होगा। वो एक बड़ा संदेश देने में कामयाब हो जाएंगे। वहीं तस्वीर का दूसरा पहलू ये भी है कि अगर दिल्ली चुनाव में भाजपा माइनस में रहती है तब क्या होगा। दिल्ली चुनाव में भाजपा को अगर सफलता नहीं मिलती है तो इसके क्या इफेक्ट गाजियाबाद की राजनीति पर पड़ेंगे। पक्ष और विपक्ष इसी पर निगाह रखे हुए हैं। सांसद अतुल गर्ग की परफार्मेंस पर सबकी नजर है।

# अगर हो जाए महानगर अध्यक्ष वाला मामला होल्ड तो ज्यादा मत सोचना

## दिल्ली चुनाव तक टल सकती है अध्यक्ष वाली घोषणा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के बारे में ये कहा जाता है कि इन दिनों वो राजनीति में हर चीज को इवेंट बना देती है। एक क्रेज पैदा करती है और छोटी सी चीज में उत्साह का माहौल पैदा हो जाता है। उसने बूथ अध्यक्ष बनाए तो उनके घर के बाहर ढोल बजवाए। उसके मंडल अध्यक्ष बनें तो चुनावी मेला लग गया और अब जब महानगर अध्यक्ष की घोषणा होनी है तो इसे लेकर भी उत्सुकता का माहौल बना हुआ है।

कभी लखनऊ में बैठक हो रही है तो कभी दिल्ली में बैठक हो रही है। घोषणा का इंतजार हो रहा है, नाम भी फाइनल हो चुका है। लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि अगर घोषणा वाला मामला होल्ड जाए तो कोई ज्यादा इस पर विचार ना करें। सूत्र बताते हैं कि दिल्ली चुनाव तक भाजपा के महानगर अध्यक्षों वाली घोषणा टल भी सकती है। दिल्ली के इलेक्शन से गाजियाबाद और यूपी के अन्य जिलों की घोषणा का इलेक्शन भी बताया जा रहा है।

दरअसल यूपी के अलग-अलग जिलों से एक बड़ी आबादी दिल्ली में शिफ्ट हुई है। ये आबादी दिल्ली का वोटर भी हैं और अध्यक्ष वाले तार कहीं ना कहीं हर बिरादरी से जुड़े हुए हैं। लिहाजा इस पहलू से भी विचार हो रहा है। एक वजह ये बताई जाती है कि दिल्ली चुनावों में भाजपा के नेता बिजी हैं। भाजपा में एक परंपरा पार्टी के बड़े चेहरों के सहमति की भी है लिहाजा लिस्ट उनके सामने भी जाएगी। वहीं यूपी में भाजपा के सभी बड़े नेता कुंभ में डुबकी लगा रहे हैं। ऐसे में ये संभावना बन रही है कि लिस्ट होल्ड भी हो सकती है।

हालांकि भाजपा की एक लॉबी होल्ड होने वाली बात से इनकार कर रही है। वो बोल्ड तरीके से इस बात को कह रहे हैं कि 25 या 26 जनवरी को महानगर और जिला अध्यक्षों की सूची जारी होने की प्रबल संभावना है और वहीं होल्ड की बात करने वाले बता रहे हैं कि ये घोषणा थोड़ा आगे टलेगी और पांच या छह फरवरी को ये घोषणा हो सकती है।

# नगर निगम की डायरी में दिखा नगर आयुक्त के विजन का कमाल

## सरकार की योजनाओं से लेकर सभी के सम्मान का रखा है खयाल








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम गाजियाबाद ने वर्ष 2025 की डायरी जारी की। नगर निगम की इस डायरी में नगर आयुक्त आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक का विजन दिखाई दे रहा है। सरकार की छवि से लेकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को उन्होंने इसमें प्राथमिकता दी है। जब इसका प्रथम पेज खोलते हैं तो इसमें उन्होंने खुद को फोटो फ्रेम से बाहर रखा है और यहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन करतीं नगर निगम की मेयर सुनीता दयाल का फोटो रखा है। प्रदेश सरकार के मानकों के अनुरूप विधानपरिषद के सदस्य दिनेश गोयल के फोटो को स्थान दिया है। सरकार का एक खूबसूरत संदेश दिया है। इसके अलावा इस किताब के अंदर इस किताब के कवर पेज पर अंदर की पूरी खबर है। इसमें एनीमल बर्थ कंट्रोल और डॉग केयर सेंटर की फोटो है। आने वाले बायोडायवर्सिटी पार्क की फोटो है। इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का जिक्र है। वेस्ट टू वंडर पार्क की फोटो है और प्रस्तावित स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स का जिक्र है। नगर निगम के 100 पार्षदों का नाम और उनके फोन नंबर हैं। नगर आयुक्त का वास्तव में एक संदेश इस डायरी में दिखाई देता है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री के साथ नगर निगम की मुखिया मेयर को प्रथम पेज के फोटो पर स्थान दिया है और खुद इस डायरी के सबसे अंतिम पेज पर महिला सफाई कर्मियों के साथ फोटो फ्रेम में हैं। शहीदों के सम्मान में हैं। नगर निगम की यह डायरी हर पेज पर स्वच्छ भारत मिशन का संदेश दे रही है। इस डायरी में फोटो के माध्यम से ये बताया गया है कि सरकार में जनता की सुनवाई जनचौपाल से लेकर संभव के माध्यम से भी हो रही है। उत्तराखण्ड भवन और पूर्वांचल भवन के फोटो हैं। यहीं से ये संदेश है कि सरकार ने इन दोनों प्रदेशों के सम्मान में कार्य किया है। वन महोत्सव से लेकर गोसेवा तक नगर निगम की भागीदारी दिखाई देती है। हिंडन छठ घाट पर लेजर शो का नजारा भी लाइटों के माध्यम से प्रदर्शित है। नगर आयुक्त कई मौकों पर जन संवाद कार्यक्रम में हैं, जनसुनवाई में हैं। वो सरकार के विकास मॉडल को नगर निगम की डायरी में समेटकर जनता तक सरकार का एक सकारात्मक संदेश देने में सफल रहे हैं। निगम के पार्षदों को स्थान मिला है, विधायक फोटो फ्रेम में हैं। एक अधिकारी के रूप में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक यहां डायरी के जरिए सरकार की जनसुनवाई, जनकल्याणकारी योजना और नगर निगम के विकास वाले मैप को सफल तरीके से जनता के सामने प्रदर्शित करने में सफल रहे हैं।

# लाइसेंस पाने के लिए फर्जी फॉयरिंग पड़ी भारी, पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार

## चिप्स फैक्ट्री का मालिक कर्मचारियों सहित गिरफ्तार, विजय नगर पुलिस ने खोला पूरा केस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक चिप्स फैक्ट्री के मालिक ने पिस्टल का लाइसेंस हासिल करने के लिए यूट्यूब देखकर अपने ऊपर कथित हमला करवाया। हमला करने के बाद पुलिस को सूचना दी और पूरी कहानी रच डाली। इस मामले की सूचना जैसे ही विजयनगर थाना पुलिस को मिली तो पुलिस ने सिलसिलेवार ढंग से घटनाक्रम की जांच की। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में जांच पड़ताल शुरू की, तो कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। उधर डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार फैक्ट्री मालिक आरिफ ने यूट्यूब पर देखा था की जान पर खतरा होने पर आसानी से पिस्टल का लाइसेंस मिल जाता है।

इसी के चलते उसमें साजिश रची अपने दो कर्मचारियों निर्देश और गुलफाम को विजयनगर बाईपास पर भेजा, वहां निर्देश ने अपने भाई दिनेश का तमंचा और गोली देकर दोनों पर फायरिंग करने को कहा था।

### पुलिस ने कुल चार लोगों को किया गिरफ्तार

करंट क्राइम : विजयनगर पुलिस ने इस मामले में आरिफ और दिनेश को गिरफ्तार किया है जबकि घायल निर्देश और गुलफाम का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि आरिफ ने इस काम के लिए सभी आरोपियों को पैसे भी दिए थे ताकि वह इस पूरे षडयंत्र में शामिल रहें।

### पहले भी आरिफ करवा चुका है हमला

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि आरिफ इससे पहले भी कई बार अपनी गाड़ी पर हमला करवा चुका है लेकिन कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था। इस बार की घटना में पुलिस ने गोली लगने का एंगल संदिग्ध नजर आ रहा था, जब पूछताछ में पूरा मामला सामने आया तो दोनों पुलिस को कुछ सफाई नहीं दे पाए।

# 15 दिन में 5000 से ज्यादा लोगों पर हुई सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाली कार्रवाई



### रोजाना चलाया जा रहा है हर जोन में अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बीते करीब 24 दिनों से पुलिस प्रत्येक जोन में प्रतिदिन सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर माहौल खराब करने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पुलिस बीते 15 दिन में 5000 से ज्यादा लोगों पर कार्रवाई कर चुकी है। तो वहीं बुधवार की रात भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में कुल 583 लोगों पर सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाली कार्रवाई की गई है। इसमें सिटी जोन के अंतर्गत 228, ट्रांस हिंडन जोन में 179 और देहात जोन में 176 लोगों पर पुलिस ने एक्शन लिया है। वहीं गणतंत्र दिवस को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग थानाक्षेत्रों में पुलिस की ओर से गश्त व सघन चेकिंग अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

### विजयनगर और नंदग्राम में सबसे ज्यादा एक्शन



करंट क्राइम : कार्यवाहक एडिशनल सीपी राजेश कुमार ने जानकारी दी है कि सिटी जोन के अंतर्गत बुधवार की रात कोतवाली क्षेत्र में 32, विजय नगर में 52, सिहानी गेट में 32, नंदग्राम क्षेत्र में 52, कवि नगर में 15 और मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में 45 लोगों पर सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वाहनों को बार बनाने और माहौल खराब करने के मामले में हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। उन्होंने जानकारी दी है कि प्रतिदिन तीनों जोन में यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में इस अभियान को सफल बनाने का काम कर रहे हैं।

### 26 जनवरी को लेकर भी रहेगा अलर्ट

करंट क्राइम : एडिशनल सीपी कार्यवाहक राजेश कुमार ने जानकारी दी है कि 26 जनवरी के मद्देनजर भी तीनों जोन में चेकिंग अभियान और सुरक्षा प्लान बना दिया गया है। उन्होंने जानकारी दी है कि 24 तारीख को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिस लाइन में फुल ड्रेस रिहर्सल है। तो शाम से कमिश्नरेट के तीनों जोन में चेकिंग और बम स्क्वॉड के साथ ड्रिल की जाएगी।

# अजीत सिंह की कोठी खाली होने के विरोध में उपद्रव करने वाले नेताओं को मिली जमानत

## अजय प्रमुख, अमरजीत सिंह बिड्डी सहित 16 नेताओं को मिली राहत



**मुरादनगर की वॉटर सप्लाई रोटरी बंद करने का मामला**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** साल 2014 में रालोद प्रमुख रहे स्व. चौधरी अजीत सिंह की कोठी खाली करने के मामले को लेकर मुरादनगर की वॉटर सप्लाई रोटरी बंद कर दी गई थी। इस दौरान किसान यूनियन, जाट समाज और राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं ने यहां उपद्रव किया था। उपद्रव के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज, हवाई फायरिंग और कार्रवाई की थी। इस दौरान कई पूर्व विधायक और किसान यूनियन के नेताओं से लेकर राष्ट्रीय लोक दल और जाट समाज के चेहरे पर मुकदमा दर्ज किया गया था। गुरुवार को एमपी एमएलए कोर्ट के निशांत मान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय द्वितीय गाजियाबाद ने गाजियाबाद के 16 नेताओं को इस मामले में सशर्त जमानत दे दी है। जिन नेताओं को जमानत दी गई है उनके नाम अजय प्रमुख, अमरजीत सिंह बिड्डी, अमित त्यागी, प्रदीप मुखिया, इंद्रपाल, मांगेराम, रणवीर सिंह, सत्येंद्र कुमार, देवेंद्र सिंह, बबलू कौशिक, संजय गुप्ता, रूपचंद शर्मा, संजीव कुमार, अनिल कुमार, सुरेश मलिक व सतीश राठी के नाम शामिल थे। इन सभी पर हंगामा, उपद्रव, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुचाने व पुलिस पर हमले का आरोप लगाया गया था।

### यह पूर्व विधायक व नेता नहीं हुए थे अभी तक पेश

करंट क्राइम : जानकारी मिली है कि इस मामले में पूर्व विधायक वीर सिंह, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, पूर्व विधायक वीरपाल राठी, पूर्व विधायक भगवती प्रसाद और किसान नेता राकेश टिकैत अब तक इस मामले में पेश नहीं हुए हैं। बताया जा रहा है कि इस मामले में लंबी सुनवाई व जिरह हो चुकी है। बताया जा रहा है कि 2014 में रालोद के प्रमुख चौधरी अजीत सिंह की कोठी खाली करवा दी गई थी। जिसके विरोध में किसान यूनियन, राष्ट्रीय लोक दल और जाट समाज ने मुरादनगर वॉटर सप्लाई रोटरी पर बड़ा आंदोलन प्रदर्शन किया था, जो बाद में उपद्रव के रूप में बदल गया था। पुलिस को यहां बल प्रयोग करने के साथ ही हवाई फॉयरिंग भी करनी पड़ी थी।

### गंभीर धारों का दर्ज हुआ था मुकदमा

करंट क्राइम : गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार के पुलिस ने इस मामले में मुकदमा अपराध संख्या 654-2014 दर्ज कराया था। जिसमें धारा- 147, 148, 149, 151, 152, 153, 186, 307, 323, 332, 336, 353, 283, 342, 34, 506, 504 आईपीसी धारा, तीन लोक संपत्ति नुकसानी निवारण अधिनियम 1984 व 7 क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट के तहत मुरादनगर थाने में मुकदमा लिखा गया था।

# लोमेश भाटी बने तहसील बार गाजियाबाद के अध्यक्ष

**विनोद गौतम बने उपाध्यक्ष, सचिव पर संजय यादव की हुई जीत**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** तहसील बार गाजियाबाद एसोसिएशन का चुनाव गुरुवार को संपन्न हो गया। रात तक अध्यक्ष और अन्य पदों के लिए मतों की गिनती जारी रही। वोटों की गिनती के बाद अध्यक्ष पद पर लोमेश भाटी विजय हुए जबकि केबी सिंह को 204 मत मिले। वहीं लोमेश भाटी ने 291 मत हासिल करके अध्यक्ष पद पर विजय हासिल की।

वहीं उपाध्यक्ष पद पर विनोद गौतम को 267 वोट मिले और प्रेम कुमार दूसरे नंबर पर रहे। इसी के साथ ही सचिव पद पर संजय यादव ने 265 लेकर जीत हासिल की। तो सहसचिव रितेश गौतम को बनाया गया है। सांस्कृतिक सचिव के पद पर सिद्धार्थ शर्मा को 315 वोट मिले और कोषाध्यक्ष पद पर मोनू शर्मा ने विजय हासिल की है। इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दिवाकर शर्मा, जावेद, सिद्धार्थ त्यागी, विशाल चौधरी और विशेष गर्ग को चुना गया है। बता दें कि गुरुवार सुबह 10 बजे से ही तहसील बार एसोसिएशन में नई कार्यकारिणी के लिए मतदान हुआ था। शाम को मतों की गिनती शुरू हुई और रात को परिणाम जारी किया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल और थाना प्रभारी सिहानी गेट सचिन कुमार पुलिस बल के साथ शांतिपूर्वक मतदान करने के लिए उपस्थित रहे। वहीं प्रत्याशियों की जीत के बाद विजेताओं को शुभकामनाएं दी गई।

## संपादकीय

# ज्ञान की गंगा

टीचर्स कभी नहीं सिखा सकते। स्टूडेंट्स को ही सीखना पड़ता है। यह स्टूडेंट्स की जिम्मेदारी है कि वही टीचर्स को सिखाने के लिए प्रेरित करें। मैंने अपने वरिष्ठों से सीखा कि ज्ञान एक तेज बहती नदी की तरह है। ज्ञान की यह नदी टीचर, मेंटर या गुरु के पास से बहती रहती है। यह स्टूडेंट्स पर निर्भर करता है कि उस नदी से वह कितना पानी भर पाते हैं- एक कप, एक बाल्टी या फिर ट्रक भरकर? जब भी मैं अपने कमरे में रियाज करता, तो हमेशा उनका ध्यान खींचना चाहता था। (यहां वो अपने पिता का जिक्र कर रहे हैं) और उनका ध्यान मेरी ओर तभी आता, जब मुझे सिखाए सबक को मैं थोड़ा तोड़-मरोड़कर पेश करके उसे दूसरी तरह से बजाता। जब मैं ऐसा करता, तो मेरी इस कोशिश पर बाहर से पिता की स्वीकारोक्ति भरे स्वर में आवाज आती। और फिर वह अचानक दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते और दूसरी ताल बजाने के लिए कहते। उनके इन शब्दों से मुझे प्रेरणा मिलती क्योंकि वह मेरे प्रयास की आलोचना करने या उसे कोई मान्यता देने के बजाय और कई तरीके से प्रयोग करने के लिए मुझे गाइड करते। मेरे पिता से मुझे यह प्रेरणा मिली। दरवाजे पर खड़े होकर एक हाथ में कागज और दूसरे हाथ की अंगुलियों से ताल की सीख दे रहे एक टीचर के इन सबक ने जाकिर हुसैन को न सिर्फ अपने पिता की विरासत को आगे ले जाने में मदद की, बल्कि इसके चलते ही वह तबला वादन को उस ऊंचाई तक ले गए, जहां यह पहले कभी नहीं था। उनके पिता सह गुरु चाहते थे कि बेटा व्यापक लोगों तक शास्त्रीय संगीत को लेकर जाएं और इसको सबके लिए सुलभ बनाते हुए उन्हें मंत्रमुग्ध करते हुए संगीत को एक दिव्यता के अहसास से जोड़ें। ब मुझे पहली सैलरी मिली और वह पैकेट घर लाया, तो मेरे अंदर का दिल नाच रहा था कि मेरे पिता मुझे गले लगाएंगे और इस मुकाम पर पहुंचने के लिए मेरी सराहना करेंगे। लेकिन हुआ इसके उलट। उन्होंने अपने अखबार से नजरें तक नहीं उठाईं। बस बढ़िया कहा और फिर बोले कि इसे अपनी मां को दे दो और उन्हें इसे पूजा वाले कमरे में रखने के लिए कह दो। तुम बाथरूम जाकर हाथ-पैर धो लो और ईश्वर की प्रार्थना करो। छह महीने की सैलरी के बाद जाकर एक दिन पिता ने कहा, ह्यतुम्हें जिम्मेदार बनता देखकर मुझे खुशी हो रही है, तुमने बिना कोई छुट्टी लिए छह महीने का प्रोबेशन पीरियड पूरा किया और अब तुम स्थाई हो गए हो। अब याद रखना कि अपनी छोटी बहन को अच्छा पढ़ाने- लखाने और उसकी किसी अच्छी जगह शादी करने में तुम्हें मेरी मदद करनी होगी। वो शब्द मेरे कानों में सिर्फ संगीत की तरह नहीं थे। बल्कि उसने उद्वेलित कर दिया कि मैं जिंदगी में आर्थिक रूप से विवेकपूर्ण बनूं। थोड़ा रुककर खुश होने की उनकी इस आदत को, उनके जाने के बाद मैं आज भी जीता हूं। 1970 में मिशेल और एबेसेन के अपने एक शोध में कहा कि ह्लदेर से संतुष्ट होने की आदत, दूरगामी फायदों के लिए तात्कालिक लाभ को जाने देने की काबिलियत है। आमतौर पर, थोड़ा रुककर होने वाली संतुष्टि का मूल्यांकन उन कामों में किया जाता है जिसमें व्यक्ति भविष्य के किसी बड़े पुरस्कार (पढ़ें जिंदगी) की खातिर तुरंत मिलने वाले छोटे-मोटे प्रोत्साहन (2 मिनट नूडल्स) को जाने देता है।

## भारत के कंस्ट्रक्शन सेक्टर का आकार

# 2047 तक बढ़कर 1.4 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत का कंस्ट्रक्शन सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है और इसका आकार 2047 तक 1.4 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। यह जानकारी एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा दी गई। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत आने वाले बिल्डिंग मटेरियल और टेक्नोलॉजी प्रमोशन काउंसिल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, शैलेश कुमार अग्रवाल ने एक इवेंट में कहा कि शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है और कंस्ट्रक्शन में कम कार्बन निर्माण सामग्री का उपयोग करने के अलावा बिल्डिंग सेक्टर में ऑपरेशनल एनर्जी को कम करने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा, इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें अपने कंस्ट्रक्शन के तरीके पर पुनर्विचार करने की



आवश्यकता है, जिसमें मुख्य रूप से रीसाइक्लिंग और उचित उपभोग पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। लो-कार्बन बिल्डिंग ट्रांजिशन फॉर बिल्डिंग मटेरियल मैन्युफैक्चरर्स एंड टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर्सह्न पर मास्टर ट्रेनर्स के लिए कार्यक्रम का आयोजन बिजनेस चैंबर फिक्की द्वारा ग्लोबल ग्रीन ग्रोथ इंस्टीट्यूट (जीजीजीआई) के साथ संयुक्त रूप से किया गया था। इस प्रोजेक्ट को जीजीजीआई द्वारा जर्मनी सरकार के इंटरनेशनल क्लाइमेट इनिशिएटिव (आईकेआई) के समर्थन से भारत सहित पांच एशियाई देशों में कार्यान्वित किया जा रहा है। जर्मन दूतावास के पर्यावरण प्रभाग की प्रमुख ताइना डाइकहॉफ ने कहा कि दोनों देश इंडो-जर्मन ग्रीन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट पार्टनरशिप के फ्रेमवर्क के अंदर क्लाइमेट चेंज के क्षेत्र में मिलकर काम कर रहे हैं।

इस पार्टनरशिप का लक्ष्य जलवायु शमन, अनुकूलन, प्राकृतिक कार्बन सिंक और जैव विविधता संरक्षण से जुड़ी विभिन्न पहलों को पूरा करना है। ऊर्जा मंत्रालय के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) की निदेशक प्रवतनलिनी सामल ने उद्योगों, इमारतों और उपकरणों में ऊर्जा दक्षता के लिए बीईई की पहलों पर प्रकाश डाला। सामल ने कहा, बिल्डिंग सेक्टर में कई सेगमेंट विशेषकर कूलिंग में काफी एनर्जी का उपयोग किया जाता है।

# भारत के घरेलू मार्गों पर एयर ट्रैफिक 2024 में 6 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत के घरेलू मार्गों पर एयर पैसेंजर ट्रैफिक 2024 में 6.12 प्रतिशत बढ़कर 16.13 करोड़ हो गया है, जो कि पिछले साल 15.2 करोड़ था। यह जानकारी नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा दी गई। भारत की कमर्शियल एयरलाइंस में दिसंबर 2024 में 1.49 करोड़ से अधिक यात्रियों ने उड़ान भरी थी। यह पिछले साल के दिसंबर 2023 के आंकड़े 1.38 करोड़ से 8.19 प्रतिशत अधिक है। दिसंबर में इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी 64.4 प्रतिशत थी। वहीं, एयर इंडिया की हिस्सेदारी 26.4 प्रतिशत थी। इसके अलावा, अकासा एयर और स्पाइसजेट की हिस्सेदारी क्रमशः 4.6 प्रतिशत और 3.3 प्रतिशत थी। डीजीसीए डेटा के मुताबिक, घरेलू एयर पैसेंजर ट्रैफिक में इंडिगो की हिस्सेदारी 2023 में 60.5 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 61.9 प्रतिशत हो गई, एयरलाइन में वर्ष के दौरान 9.99 करोड़ घरेलू यात्रियों ने उड़ान भरी। इसी अवधि में स्पाइसजेट की बाजार हिस्सेदारी 5.5 प्रतिशत से घटकर 3.7 प्रतिशत रह गई। बजट एयरलाइन में 2024



में 60 लाख हवाई यात्रियों ने उड़ान भरी। दिसंबर में ऑन-टाइम परफॉरमेंस (ओटीपी) के आंकड़े बताते हैं कि इंडिगो का ओटीपी सबसे अधिक 73.4 प्रतिशत था, उसके बाद एयर इंडिया (67.6 प्रतिशत), अकासा एयर (62.7 प्रतिशत), स्पाइसजेट (61.5 प्रतिशत) और एलायंस एयर (55.6 प्रतिशत) का स्थान था।

# शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन तेजी के साथ बंद, सेंसेक्स 115 अंक बढ़ा

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखने को मिली। सेंसेक्स 115 अंक या 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,520 और निफ्टी 50 अंक या 0.22 प्रतिशत बढ़कर 23,205 पर बंद हुआ। यह लगातार दूसरा दिन था, जब बाजार में तेजी देखी गई। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 985 अंक या 1.86 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54,098 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 192 अंक या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 17,364 पर बंद हुआ। ऑटो, आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा और कमोडिटी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। पीएसयू बैंक और फिन सर्विस इंडेक्स पर दबाव देखा गया। सेंसेक्स पैक में अल्ट्राटेक सीमेंट, जोमैटो, एमएंडएम, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, टाइटन, टाटा स्टील, आईटीसी, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व टॉप गेनर्स थे। पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा, एचसीएल टेक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई, एचयूएल और नेस्ले टॉप लूजर्स थे। पीएल कैपिटल - प्रभुदास लीलाधर के एडवाइजरी-हेड, विक्रम कासत ने कहा कि तिमाही आय और केंद्रीय बजट से पहले निवेशकों के सतर्क रहने के कारण सेक्टोरल इंडेक्स में मिलाजुला कारोबार देखने को मिला है। वहीं, एफआईआई की ओर से लगातार बिकवाली के कारण बाजार का सेंटीमेंट नकारात्मक बना हुआ है। बाजार का रुझान तेजी का रहा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,118 हरे निशान में, 1,843 शेयर लाल निशान में और 106 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। शेयर बाजार तेजी के साथ खुला था।



सुबह 9:45 पर सेंसेक्स 115 अंक या 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,555 और निफ्टी 37 अंक या 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,193 पर था।

# एनसीएलएटी ने सीसीआई के व्हाट्सएप बैन के आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** अरबपति कारोबारी मार्क जुकरबर्ग के नेतृत्व वाले मेटा ने गुरुवार को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा व्हाट्सएप पर लगाए गए प्रतिबंध पर रोक लगाने के राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के फैसले का स्वागत किया और कहा कि कंपनी अगले कदम के लिए इस फैसले का मूल्यांकन करेगी। सीसीआई ने व्हाट्सएप पर उसकी डेटा शेयरिंग प्रैक्टिस को लेकर पांच साल के लिए बैन लगा दिया था। मेटा के प्रवक्ता ने आईएएनएस को दिए बयान में कहा, ₹हम भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के आदेश पर आंशिक रोक लगाने के एनसीएलएटी के फैसले का स्वागत करते हैं। बयान में आगे कहा गया, ₹हम अगले कदम के लिए इस आदेश का मूल्यांकन करेंगे, लेकिन हमारा ध्यान आगे का रास्ता खोजने पर रहेगा जो उन लाखों व्यवसायों का समर्थन करेगा जो




विकास और इनोवेशन के लिए हमारे प्लेटफॉर्म पर निर्भर हैं और साथ ही हम उच्च गुणवत्ता वाला अनुभव प्रदान करेंगे, जिसकी लोग व्हाट्सएप से उम्मीद करते हैं। न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अगुवाई वाली एनसीएलएटी पीठ ने प्रतिबंध पर रोक लगाते हुए कहा कि इससे देश में व्हाट्सएप के कारोबारी मॉडल में बाधा पैदा हो सकती है। भारत में व्हाट्सएप के 500 मिलियन से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं। अपीलीय न्यायाधिकरण ने मेटा को सीसीआई द्वारा लगाए गए 213 करोड़ रुपये के जुमार्ने का 50 प्रतिशत दो सप्ताह के भीतर जमा करने का भी निर्देश दिया। सोशल मीडिया दिग्गज ने पहले ही जुमार्ने का 25 प्रतिशत भुगतान कर दिया है। पिछले हफ्ते एनसीएलएटी ने मेटा और व्हाट्सएप की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था, जिसमें सीसीआई के उस आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी, जिसमें बाजार में बड़ा खिलाड़ी होने की शक्ति का गलत इस्तेमाल के लिए 213 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया गया था। एनसीएलएटी के अनुसार, भारत में आगामी डेटा सुरक्षा कानून डेटा गोपनीयता से संबंधित चिंताओं को संबोधित कर सकता है।

## भारतीय कंपनियों ने अप्रैल-दिसंबर 2024 में किया 32 लाख करोड़ रुपये का निवेश : एसबीआई रिपोर्ट

**मुंबई।** भारतीय कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से दिसंबर की अवधि में 32 लाख करोड़ रुपये के निवेश का ऐलान किया है। यह पिछले साल के समान अवधि के आंकड़े 23 लाख करोड़ रुपये से 39 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च 2024 तक 13.63 लाख करोड़ रुपये का वर्क-इन-प्रोग्रेस है, जो दिखाता है कि आने वाले वर्षों में तेज विकास देखने को मिलेगा। रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 23 में सरकारी निवेश जीडीपी के 4.1 प्रतिशत पर पहुंच गया था, जो कि वित्त वर्ष 12 के बाद सबसे अधिक है। वहीं, निजी सेक्टर का निवेश जीडीपी का 11.9 प्रतिशत रहा है और यह वित्त वर्ष 16 के बाद सबसे अधिक है। इस साल फरवरी के अंत में आने वाले वित्त वर्ष 24 के प्राथमिक डेटा में निजी सेक्टर का निवेश की जीडीपी का 12.5 प्रतिशत हो सकता है। बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) भारतीय कंपनियों की फंडिंग का मुख्य सोर्स है। सितंबर 2024 तक 190.4 अरब डॉलर के ईसीबी बकाया थे। इसमें पिछली तिमाही के मुकाबले वृद्धि देखने को मिली है। इसमें नॉन-रुपी और नॉन-एफडीआई घटकों की हिस्सेदारी 155 अरब डॉलर थी। इसे हेजिंग के जरिए अधिक स्थिरता मिलती है।




## रोचक तथ्यों का करंट

- एक चोरी हुई कार की खोज करते समय फिनिश पुलिस को मृत मच्छर मिला। उन्होंने मच्छर के अंतिम भोजन से रक्त का परीक्षण किया और चोर की पहचान करने के लिए इसका इस्तेमाल किया।
- क्या आपको यह मालूम है की केवल मादा मच्छर ही कटते हैं। लेकिन क्यों? क्योंकि उन्हें रक्त में पाए जाने वाले प्रोटीन की आवश्यकता होती है ताकि उनके अंडे विकसित हो सकें।
- मच्छर एक लघु कीट होता है जो लंबाई में श इंच तक और 0.000088 औंस वजन तक पहुंच सकता है।
- 'मच्छर' शब्द 'छोटी मक्खी' के लिए स्पेनिश-पुर्तगाली शब्द है।
- वैज्ञानिकों ने बेहद यौन रूप से आकर्षक नर मच्छरों का प्रजनन कराया जिनकी संतान नस्ल पैदा करने में असमर्थ हैं।
- मच्छरों की प्रजातियां हैं उनमें से एनोफेलीज एक मलेरिया वाहक है, जबकि तीन अन्य एन्सेफलाइटिस फैलाने के लिए जाने जाते हैं।
- मच्छर का शरीर तीन खंडों में बांट है : सिर, थोरैक्स और पेट।
- मच्छर की अधिकांश प्रजातियों को एक प्रमुख घातक और नुकसान पहुंचानेवाला कीड़ा माना जाता है क्योंकि वे मनुष्यों और जानवरों के खून का उपभोग करते हैं।

## राशिफल

**मेष :** लव कपल्स के रिश्ते को नई राह मिलेगी। परिवार के सदस्य आपके रिश्ते से खुश हो सकते हैं। दांपत्य जीवन में भी खुशियों की बहार आएगी।

**वृष :** आज का दिन लव और मैरिड कपल्स दोनों के लिए अच्छा है। कपल्स के बीच रोमांटिक भावनाएं पैदा होंगी।

**मिथुन :** दांपत्य जीवन के लिए दिन प्रतिकूल रहेगा। मन में तनाव और नकारात्मक विचार आएंगे। लव कपल के लिए आज का दिन अच्छा है।

**कर्क :** लव कपल के बीच कहासुनी हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें और बगैर किसी कारण के संदेह न करें। शादीशुदा जोड़े के लिए दिन अच्छा है।

**सिंह :** लव कपल अब भविष्य के बारे में सोचेंगे। आप दोनों घरवालों से शादी की बात कर सकते हैं। दांपत्य जीवन में स्थिति बेहतर रहेगी।

**कन्या :** अगर आप अपने प्रेमी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं तो आज का दिन बेहतर है। आपको हां में जवाब मिलेगा। दाम्पत्य जीवन का दिन सामान्य रहेगा।

**तुला :** प्रेमी जोड़ों के बीच विवाद हो सकता है। परिवार के लोग आपके रिश्ते को स्वीकार नहीं करेंगे लेकिन हिम्मत न हारें। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक :** जीवनसाथी खुश करने के लिए कोई तोहफा दे सकता है। पार्टनर के साथ रोमांटिक पलों का आनंद उठाएंगे। लव कपल्स के लिए दिन सामान्य रहेगा।

**धनु :** आज का दिन लव कपल के लिए ठीक नहीं है। कोई भी फैसला लेने से पहले अच्छे से सोच लें। दांपत्य जीवन में भी तनाव रहेगा।

**मकर :** धार्मिक कार्यों में पार्टनर की रुचि बढ़ेगी और आपको इस दिशा में प्रेरित करने का प्रयास करेंगे। लव कपल एक दूसरे के साथ समय बिताएंगे।

**कुंभ :** बिना वजह गुस्से में अपशब्द न कहें। कुछ भी कहने से पहले सोच लें। अपने साथी के प्रति ईमानदार रहें। विवाहित माता-पिता का दिन अच्छा रहेगा।

**मीन :** गुस्से को भूले और मतभेद दूर करें। एक-दूसरे की गलतियों को इग्नोर करें और नए रिश्ते की शुरूआत करें। विवाद बढ़ने से रिश्ते बिगड़ेंगे।

## चुटकुले

पप्पू- बताओ इंसान के बच्चों और जानवरों के बच्चों में क्या फर्क है...
पिंकी- गधे का बच्चा होकर गधा बनता है और उल्लू का बच्चा उल्लू बनता है
पर इंसान का बच्चा बड़ा होकर गधा भी बन सकता है और उल्लू भी...

---

'मान भी जाओ' से लेकर 'भाड़ में जाओ'
तक का सफर ही...
'प्यार' और 'शादी' है...
बाकी तो सब मात्र मोह माया है

---

राकेश- यार तू अपनी बीवी को किस नाम से बुलाता है?
रमेश- गूगल डार्लिंग
राकेश- ये कैसा नाम हुआ।
रमेश- क्या करूं, सवाल एक करता हूं और जवाब 100 मिलते हैं।

## करंट क्राइम
### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
### 24 01 2025 आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन


रिया सेन
अभिनेत्री


विनी त्यागी


दिव्या


शालिनी शर्मा


कावेरी चक्रवर्ती


शुभांगी गोयल


तरूण नारायण त्यागी एड.


कृष्ण कुमार उपाध्याय


आयुष शर्मा


शाहनवाज इलाही


राजीव शर्मा


काजू खान


मनीष कौशल


विनोद शर्मा


मोहनदास


केके पांडेय


राज बब्बर त्यागी


अर्जुन ठाकुर

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# एमसीए ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स खिताब जीतकर वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने का जश्न मनाया

**मुंबई ।** वानखेड़े स्टेडियम में क्रिकेट की यात्रा की शुरूआत के दिन को विशेष सम्मान देते हुए, यह रिकॉर्ड स्टेडियम के पहले अंतरराष्ट्रीय मैच की वर्षगांठ पर बनाया गया, जो 1975 में खेला गया था, जब भारत ने 23 से 29 जनवरी तक एक यादगार टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज का सामना किया था।

एमसीए ने यह रिकॉर्ड दिवंगत एकनाथ सोलकर को समर्पित किया, जिन्होंने उस मैच में शतक बनाया था, और मुंबई के अन्य दिवंगत खिलाड़ियों को, जिन्होंने खेल में असाधारण योगदान दिया।

उत्कृष्टता के लिए एमसीए की अथक प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए, वानखेड़े स्टेडियम के मैदान पर 14,505 चमड़े की क्रिकेट गेंदों को सावधानीपूर्वक व्यवस्थित किया गया था ताकि यह वाक्य बन सके: वानखेड़े स्टेडियम के पचास वर्ष। यह रिकॉर्ड



एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक के साथ-साथ पदाधिकारियों और शीर्ष परिषद के सदस्यों की उपस्थिति में हासिल किया गया। एमसीए इस रिकॉर्ड को हासिल करने के लिए इस्तेमाल की गई गेंदों को शहर के स्कूलों, क्लबों और एनजीओ के महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को देगा, ताकि उन्हें इस रिकॉर्ड से प्रेरणा लेने और अपने करियर में और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, मुंबई क्रिकेट ने खेल में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और क्रिकेट के इतिहास में इसका एक विशेष स्थान है। इस शहर ने दुनिया के कुछ सबसे महान क्रिकेटरों को जन्म दिया है।

**मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने आज मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अपने जश्न के हिस्से के रूप में सबसे बड़ी क्रिकेट बॉल सेंटेंस के लिए नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स खिताब धारक बनकर अपने उल्लेखनीय इतिहास में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ा**

वानखेड़े स्टेडियम मुंबई का गौरव है और इसने अनगिनत ऐतिहासिक पलों को देखा है। यह गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का खिताब मुंबई क्रिकेट के जुनून, विरासत और उत्कृष्टता की निरंतर खोज का प्रतिबिंब है। यह उन सभी खिलाड़ियों, अधिकारियों और गुमनाम नायकों के लिए एक विशेष श्रद्धांजलि भी है जिन्होंने मुंबई की क्रिकेट विरासत में योगदान दिया है। इससे पहले, एमसीए ने स्टेडियम की स्वर्ण जयंती मनाने के लिए कई शानदार कार्यक्रमों की मेजबानी की। इनमें मुंबई की पुरुष और महिला टीमों के कप्तानों, 1974 में वानखेड़े स्टेडियम में पहला प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाली मुंबई टीम के सदस्यों, पूर्व निर्वाचित प्रबंध समिति के सदस्यों और मुंबई के खेल पत्रकार संघ का सम्मान शामिल था। संघ ने अपने ग्राउंड्समैन को भी सम्मानित किया और इन गुमनाम नायकों के सम्मान में पॉली उमरीगर स्वास्थ्य शिविर और उनके लिए विशेष लंच का आयोजन किया।

# अंपायर के फैसले का विरोध करने के कारण अंकित बावने पर एक रणजी मैच का प्रतिबंध

**नासिक ।** महाराष्ट्र के बल्लेबाज अंकित बावने पर अंपायर के फैसले का विरोध करने के कारण एक मैच का प्रतिबंध लगा है। यह प्रतिबंध गुरूवार से शुरू हुए रणजी ट्रॉफी के छठे राउंड के मैच पर लागू हुआ और वह नासिक में शुरू हुए बड़ौदा के खिलाफ ग्रुप ए मैच का हिस्सा नहीं बन पाए। इस निर्णय की जानकारी मैच से ठीक पहले टीम प्रबंधन को दी गई।

बावने ने रणजी ट्रॉफी के पांचवें राउंड के दौरान सर्विसेज के खिलाफ मैच में अपने आउट करार देने के फैसले का विरोध किया था। उनका मानना था कि गेंद स्लिप में खड़े शुभम रोहिल्ला के हाथ में पहुंचने से पहले जमीन को छूकर गई थी। रिप्ले में भी यही दिखा लेकिन चूंकि यह मैच सिर्फ. स्ट्रीमिंग हो रहा था, टेलीवाइज्ड नहीं इसलिए बावने इसके लिए रिव्यू नहीं ले पाए। आपको बता दें कि रणजी ट्रॉफी का जो मैच टेलीविजन पर नहीं आता, उसमें डीआरएस भी नहीं होता।

उस मैच में महाराष्ट्र के कप्तान



रहे बावने ने इस निर्णय के बाद मैदान को छोड़ने से इनकार कर दिया था, जिसके कारण लगभग 15 मिनट तक खेल रूका रहा। मैच रेफरी अमित शर्मा और महाराष्ट्र के कोच सुलक्षण कुलकर्णी के हस्तक्षेप के बाद ही मैच दोबारा शुरू हो पाया।

इस घटना के बाद कुलकर्णी ने बयान दिया था कि अगर खिलाड़ियों पर निर्णय का विरोध करने पर जुमार्ने और दंड का प्रावधान है तो अंपायरों का भी मूल्यांकन क्यों नहीं होता? ऐसे अंपायर, अंपायरिंग करना कैसे जारी रख सकते हैं, जिससे खेल भी प्रभावित होता हो। अगर आप ऐसे ब्लंडर करेंगे, तो खिलाड़ी गुस्सा करेगा ही।

उस समय महाराष्ट्र के नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने भी इस पर अपनी नाराजगी जाहिर की थी और अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर रिप्ले के फुटेज डाले थे। तब गायकवाड़ इंडिया ए टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में थे।

बावने इस रणजी सीजन महाराष्ट्र के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने पांच मैचों में एक शतक और दो अर्धशतकों के साथ 51.57 की औसत से 361 रन बनाए हैं।

महाराष्ट्र फि लहाल अपने ग्रुप में नीचे से दूसरे स्थान पर है और नॉकआउट में पहुंचने के दौड़ से बाहर हो चुकी है।

# चाहे डैथ ओवर हो या पावरप्ले मेरा ध्यान प्रक्रिया पर रहेगा चक्रवर्ती बोले

**कोलकाता ।** इंग्लैंड को 3-23 से पस्त करने वाले और भारत को ईडन गार्डन्स में टी20 सीरीज के पहले मैच में सात विकेट से जीत दिलाने के बाद कलाई के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि उनका ध्यान हमेशा अपनी गेंदबाजी में सुधार करने पर रहेगा, चाहे वह मैच के किसी भी चरण में हों।

लगाना कठिन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने अपनी गति में विविधता लाने की कोशिश की है। मैं नहीं चाहता कि बल्लेबाज मेरी लाइन अप करें क्योंकि मैं हर गेंद पर एक ही गति से गेंदबाजी कर रहा हूं। मैंने इसी पर काम किया है और मैं इसे और बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा हूं।

2021 विश्व कप के बाद, मैंने



चक्रवर्ती ने अपने स्पैल में हैरी ब्रूक और लियाम लिविंगस्टोन को लगातार आउट किया, इसके बाद कप्तान जोस बटलर को आउट करके इंग्लैंड की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी, जिससे इंग्लैंड की टीम 132 रन पर आउट हो गई।

चक्रवर्ती ने डिज्नी+ हॉटस्टार से कहा, मेरा 95 फीसदी ध्यान खुद पर है क्योंकि अगर मैं इसे खुद से हटाकर बल्लेबाज पर डालूंगा, तो मैं अपनी प्रक्रिया से चूक जाऊंगा और फुल टॉस या शॉर्ट बॉल फेंकूंगा। चाहे डैथ ओवर हो या पावरप्ले, मेरा ध्यान अपनी प्रक्रिया पर रहता है। मैं इस बारे में ज्यादा नहीं सोचता कि बल्लेबाज क्या करने जा रहा है, लेकिन यह मेरे दिमाग में चलता रहता है।"

उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह गेंदबाजी जारी रखने के अलावा, अपनी गति में विविधता जोड़कर अपनी गेंदों का अनुमान अपनी गेंदबाजी का विश्लेषण किया। मुझे एहसास हुआ कि मैं ज्यादा साइडस्पिन कर रहा था, इसलिए मैं साइडस्पिन से बल्लेबाज को नहीं हरा पा रहा था। मुझे लगा कि मुझे बाउंस के जरिए उन्हें हराना होगा, इसलिए मैंने अपनी ओवरस्पिन गेंदबाजी पर काम करना शुरू किया और अब यह काम कर रहा है। अगर गेंद ज्यादा उछलेगी, तो संभावना है कि गेंद ज्यादा घूमेगी।

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें विकेट लेने या भारतीय टीम के रनों को सीमित करने का निर्देश दिया गया है, चक्रवर्ती ने कहा, हमेशा विकेट लेने की कोशिश की जाती है। अगर आपको छक्का भी लग जाता है, तो आप अगली गेंद पर विकेट लेने की कोशिश करते हैं और स्टंप पर हमला करते रहते हैं। मुझे यही बताया गया है।चक्रवर्ती ने इस बात पर खुशी जताई कि वह एक ऐसे मैदान पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

# सीएबी ने ईडन गार्डन्स में एक स्टैंड का नाम दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के नाम पर रखा

**कोलकाता ।** भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज के पहले मैच के दौरान, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) ने बुधवार को यहां प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के नाम पर एक दर्शक स्टैंड का आधिकारिक रूप से अनावरण किया।

सीएबी ने कहा कि उसने आयोजन स्थल पर एक और स्टैंड का नाम वीर सैन्य युद्ध नायक कर्नल एन.जे. नायर के नाम पर रखा है, जिसका अनावरण अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने किया। इसके साथ ही झूलन पहली प्रमुख महिला क्रिकेटर बन गई हैं, जिनके नाम पर स्टेडियम में स्टैंड का नाम रखा गया है। उन्होंने मैच शुरू होने से पहले ईडन की पारंपरिक घंटी भी बजाई, जिसे भारत ने सात विकेट से जीता।

गांगुली ने सीएबी के बयान में कहा,ह्लसीएबी की ओर से, मैं कर्नल एन.जे. नायर और झूलन गोस्वामी स्टैंड का अनावरण करने का अवसर



लेता हूं। इस यादगार शाम का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है, क्योंकि हम इन दो प्रतिष्ठित हस्तियों की बहादुरी और उपलब्धियों को सलाम करते हैं।

पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार विजेता झूलन को अक्सर महिला क्रिकेट खेलने वाली सबसे तेज गेंदबाजों में से एक माना जाता है। उन्होंने 2002 से 2022 तक 12 टेस्ट, 204 वनडे और 68 टी20 में भारत का प्रतिनिधित्व किया और सभी प्रारूपों में 355 विकेट लिए।

# महिला एचआईएल: सूरमा हॉकी क्लब फाइनल से एक कदम दूर

**रांची ।** जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब महिला हॉकी इंडिया लीग 2024-25 के फाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर है। फाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें शुक्रवार को रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के खिलाफ कम से कम एक अंक हासिल करना होगा।

मुख्य कोच जूड मेनेजेस ने मैच से पहले कहा,इस पूरे अभियान के लिए हमारा दृष्टिकोण यह रहा है कि हम हर मैच जीतना चाहते हैं। इसलिए, हम अब केवल श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के खिलाफ मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह इस स्तर पर हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण मैच है, इसलिए हम एक-एक कदम आगे बढ़ा रहे हैं और उस मैच के बाद, हम आगे देखते हैं कि हमें क्या करना है। हमें अभी भी अगले मैच में अच्छा प्रदर्शन करना है।



सूरमा लीग में शानदार प्रदर्शन कर रही है। वे पूल चरण में अंतिम मैच से पहले 10 अंक अर्जित करने के लिए तीन जीत और एक ड्रॉ हासिल करके तालिका में शीर्ष पर हैं।

सोनम ने शानदार फॉर्म में रहते हुए सूरमा के लिए पांच मैचों में चार गोल किए हैं, जबकि चार्लोट एंगलबर्ट ने दो गोल किए हैं। हालाँकि, उनके सभी 11 गोल ओपन प्ले से आए हैं, जिसमें टीमें लीग भर में पेनल्टी कॉर्नर को भुनाने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

उन्होंने समझाया, हम शुरूआती जाल से जूझ रहे हैं। मुझे लगता है कि अधिकांश टीमें इससे जूझ रही हैं क्योंकि अगर आप आसपास की अन्य टीमों को भी देखें, तो बहुत अधिक पेनल्टी कॉर्नर नहीं बनाए गए हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि हमें इस पर काम करते रहना चाहिए और उम्मीद है कि हम वास्तव में वहां से कुछ परिणाम प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन हम अपने फॉरवर्ड के मामले में बहुत मजबूत इकाई हैं ।

हमारा डिफेंस भी काफी कॉम्पैक्ट और मजबूत है। इसलिए, हमारे पास जो गुणवत्ता है, उसके साथ हम जानते हैं कि हमारे पास गोल करने की क्षमता है।"पिछली बार जब सूरमा ने टाइगर्स का सामना किया था, तो उन्होंने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अभियान के अपने पहले मैच में 4-1 से शानदार जीत दर्ज की थी। ओलिविया शैनन, चार्लोट एंगलबर्ट, कप्तान सलीमा टेटे और सोनम ने गोल करके दिन का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

उन्होंने अंत में कहा,"मुझे लगता है कि एक बार फिर हमारा दृष्टिकोण शूटिंग सर्कल में कुछ परिणाम प्राप्त करने की कोशिश करना होगा, गोल करने की कोशिश करनी होगी ।

# क्लार्क ने श्रीलंका दौरे पर सलामी बल्लेबाज के रूप में कोंस्टास को बरकरार रखने का समर्थन किया

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में 64वें खिलाड़ी के रूप में शामिल होने के बाद, पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने श्रीलंका के आगामी टेस्ट दौरे में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्लेइंग इलेवन में अपना स्थान बरकरार रखने के लिए युवा सैम कोंस्टास का समर्थन किया है।

ऑस्ट्रेलिया ने उस्मान ख्वाजा के साथ ट्रेविस हेड को ओपनिंग पार्टनर के रूप में रखने पर विचार किया है, इसका मतलब यह होगा कि कोंस्टास 29 जनवरी से गॉल में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने से चूक सकते हैं।

लेकिन क्लार्क का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ एमसीजी और एससीजी में टेस्ट जीतने वाले बल्लेबाजी



क्रम में बदलाव करने से बचना चाहिए। मुझे लगता है कि वह (कोंस्टास) खेलने में खुश होंगे। मुझे नहीं लगता कि हमें संरचना के मामले में बहुत अधिक (परिवर्तन) की आवश्यकता है।

हम अभी-अभी जीत कर आए हैं। परिस्थितियाँ बहुत अलग हैं, लेकिन ट्रैव ने मध्यक्रम में शानदार प्रदर्शन किया है। दूसरी बात यह है कि मुझे नहीं लगता कि इससे कोई फर्क पड़ने वाला है। अगर आप बल्लेबाजी की शुरूआत करने जा रहे हैं, तो आपको स्पिन के खिलाफ शुरूआत करनी होगी। अगर आप पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं, तो आपको स्पिन के खिलाफ खेलना होगा।

क्लार्क ने सिडनी में संवाददाताओं से कहा, स्पिन गेंदबाजी का सामना करने की आदत डालें क्योंकि आपको इसके दो टेस्ट मैच खेलने को मिलेंगे। सैम एक बहुत बड़ी प्रतिभा है और मुझे लगता है।

# जोकोविच 25 की अपनी खोज जारी रख पाएंगे

**मेलबर्न ।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव और नोवाक जोकोविच चौथी बार किसी मेजर में आमने-सामने होंगे। पीटर स्टेपल्स/एटीपी टूर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव और नोवाक जोकोविच चौथी बार किसी मेजर में आमने-सामने होंगे।

नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में दर्द के बावजूद कार्लोस अल्काराज को मात दी और रिकॉर्ड 25वीं बार मेजर जीतने की अपनी उम्मीदों को ज़िंदा रखा। स्पैनियार्ड के खिलाफ तीन घंटे, 37 मिनट की लड़ाई के बाद शारीरिक रूप से कमजोर, सवाल यह है कि क्या सर्बियाई खिलाड़ी शुक्रवार को अपने 50वें मेजर सेमीफाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ने पर उस जीत को दोहरा पाएंगे।

मंगलवार को अल्काराज के खिलाफ चार सेट की जीत के बाद जोकोविच ने कहा, ₹बिना किसी मैच के अतिरिक्त दिन एक अच्छे समय पर आया है ।मुझे कल सुबह उठने पर स्थिति का आकलन करना होगा। मैं अपनी रिकवरी टीम, अपने



फिजियो के साथ आज, कल, अगले कुछ दिनों में जितना संभव हो सके उतना करने की कोशिश करूंगा। शायद कल ट्रेनिंग छोड़ दूं। मैं देखूंगा कि मैं दो दिन में ट्रेनिंग करूंगा या नहीं।"

मैं इसे दिन-ब-दिन आगे बढ़ाऊंगा। अब यह वास्तव में रिकवरी के बारे में है। मैं चिंतित हूं । ईमानदारी से कहूं तो मैं शारीरिक रूप से चिंतित हूं। लेकिन अगर मैं किसी तरह शारीरिक रूप से अच्छा होने में कामयाब हो जाता हूं, तो मुझे लगता है कि मानसिक और भावनात्मक रूप से मैं जितना हो सकता हूं उतना प्रेरित हूं।

जोकोविच, जिन्होंने अल्काराज के खिलाफ अपनी जीत के दौरान अपने ऊपरी बाएं पैर पर टेप लगा रखा था, रिकॉर्ड-विस्तार करने वाले 11वें ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब की तलाश में हैं और चोट से निपटने के दौरान 2023 में हार्ड-कोर्ट इवेंट जीता था।

जोकोविच के लिए 100वें टूर-लेवल खिताब की राह में अगली चुनौती ज्वेरेव की है, जिन्होंने टॉमी पॉल को चार सेटों में हराकर अपने नौवें मेजर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 2020 के बाद से सिर्फ. जोकोविच (13) ही दूसरे सीड से ज्यादा स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं।

हालांकि, जर्मन खिलाड़ी अभी भी अपने पहले मेजर खिताब की तलाश में है, लेकिन वह इस मैच में अपेक्षाकृत तरोताजा होकर उतरेगा।

# रोहित, जायसवाल, पंत और गिल रणजी ट्रॉफी में वापसी पर सिंगल डिजिट स्कोर पर आउट

**नई दिल्ली ।** रणजी ट्रॉफी के छठे राउंड में भारतीय टेस्ट टीम के स्टार खिलाड़ी कप्तान रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत और शुभमन गिल के अपने-अपने राज्य की टीमों में शामिल होने के कारण उत्सुकता बढ़ गई थी।

रणजी ट्रॉफी में खेलने वाली स्टार चौकड़ी का आगमन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अपनी नई नीति के तहत अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में भाग लेना अनिवार्य करने के बाद हुआ।

लेकिन प्रतियोगिता के दूसरे चरण के पहले दिन, ये चारों सिंगल डिजिट स्कोर पर आउट हो गए। मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में एमसीए शरद पवार क्रिकेट अकादमी मैदान पर, रोहित की दस साल बाद रणजी ट्रॉफी में बहुप्रतीक्षित वापसी अल्पकालिक रही, जो सिर्फ 19 गेंदों पर ही खत्म हो गई, क्योंकि उन्हें जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज उमर नजीर ने सिर्फ तीन रन पर



आउट कर दिया।

नजीर ने अनुशासन और सटीकता के साथ गेंदबाजी करते हुए रोहित को लगातार मेडन से परेशान किया और फिर ऑफ साइड से बाहर की लेंथ डिलीवरी की, जिससे रोहित का मुख्य किनारा निकल गया और वह पुल करने गए और एक्स्ट्रा कवर पर कैच आउट हो गए। इस आउट होने से रोहित का लाल गेंद वाले क्रिकेट में खराब दौर जारी रहा, क्योंकि उन्होंने भारत के लिए 2024/25 टेस्ट सीजन में केवल 10.93 का औसत बनाया है।

दूसरी ओर, जायसवाल चार रन बनाकर औकीब नबी का शिकार बने, जिन्होंने सुबह के झटकों का पूरा फायदा उठाया और बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को तेज गेंद पर पगबाधा आउट कर दिया। बेंगलुरु में पंजाब के लिए ओपनिंग करते हुए गिल आठ गेंदों पर चार रन बनाकर आउट हो गए, जब कर्नाटक के तेज गेंदबाज अभिलाष शेट्टी ने उन्हें कैच आउट किया, जिससे मेहमान टीम एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सिर्फ 55 रन पर आउट हो गई।

राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम ग्राउंड सी में दिसंबर 2017 के बाद से अपना पहला रणजी ट्रॉफी मैच खेलते हुए पंत क्रीज पर बहुत कम समय तक टिके रहे, क्योंकि उन्होंने सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के लिए 10 गेंदों पर सिर्फ एक रन बनाया। धर्मेंद्रसिंह जडेजा की गेंद पर स्वीप करने के प्रयास में पंत का संतुलन बिगड़ गया और वे डीप स्क्वायर लेग पर कैच आउट हो गए।

हालांकि गेंदबाजी में कुछ उत्साह देखने को मिला, क्योंकि रवींद्र जडेजा ने 17.4 ओवर में 66 रन देकर 5 विकेट चटकाए।

# शबनम और जोशिता का धारदार गेंदबाजी से भारत जीत के साथ सुपर सिक्स में

**कुआलालंपुर।** अंडर 19 विश्व कप में भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए एक लो स्कोरिंग मैच में भारतीय टीम को 60 रनों से जीत मिली है। श्रीलंका की टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करते हुए, भारत को सिर्फ.118 रनों पर समेट दिया था। हालांकि शबनम शकील और वीजे जोशिता सहित अन्य गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को सिर्फ.58 रनों पर रोक दिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने सिर्फ.17 के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे और टीम काफी दबाव में दिख रही थी। हालांकि जी तृषा ने 44 गेंदों में 49 रन बनाते हुए टीम के लिए एक सम्मानजनक स्कोर की नींव रखी। भले ही वह अर्धशतक से चूक गईं लेकिन उनके ही कारण भारत 100 रनों के आंकड़े के पार कर पाया। तृषा के अलावा



सिर्फ. तीन ही बल्लेबाज दहाई अंकों तक पहुंच पाईं।

वहीं जब श्रीलंका की टीम 119 के स्कोर का पीछा करने उतरी तो शबनम और जोशिता ने कमाल की गेंदबाजी की। अपने पहले ओवर की दूसरी ही गेंद पर विकेट चटकाने के बाद शबनम ने भारतीय टीम की वापसी की नींव रख दी थी। इसके बाद जोशिता ने भी अपने पहले ही ओवर में विकेट चटका कर श्रीलंका को बैकफुट पर धकेल दिया।

यहां से श्रीलंकाई बल्लेबाजी क्रम ताश के पत्तों की तरह बिखरता हुए नजर आया। 12 के स्कोर पर तो श्रीलंका की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। यहां से भारतीय गेंदबाजों ने कभी भी दबाव को कम नहीं होने दिया। लगातार विकेटों के पतन के बीच एक समय ऐसा आया, जब श्रीलंकाई बल्लेबाज किसी भी तरह से 20 ओवर तक खेलने का प्रयास कर रही थीं। भारत की तरफ से शबनम, जोशिता और परुनिका सिसोदिया ने दो-दो विकेट लिए।

# भाजपा नेता पृथ्वी सिंह के जन्मदिवस पर आयोजित हुआ काव्य उत्सव



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** साहित्य प्रोत्साहन समिति की तरफ से आयोजित काव्य उत्सव में 131 रचनाकारों ने एक मंच से काव्य पाठ कर इतिहास बना दिया। लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन के मंच पर ऐसा आयोजन पहली बार हुआ जिसमें 131 कवि कवयित्रियों ने एक साथ काव्य पाठ किया में होगा। कार्यक्रम संयोजक राज कौशिक ने बताया कि शिक्षाविद एवं भाजपा नेता पृथ्वी सिंह कसाना के जन्म दिवस पर 2016 से प्रत्येक वर्ष कवि सम्मेलन का आयोजन होता आ रहा है। इस बार केवल सात आठ कवियों का कवि सम्मेलन ना करा कर गाजियाबाद और आसपास के क्षेत्रों के 100 से ज्यादा रचनाकारो के साथ काव्य उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया।

वरिष्ठ गीतकार डॉ रमा सिंह कार्यक्रम ने काव्य उत्सव की अध्यक्षता की जबकि विश्व प्रसिद्ध शायर विजेंद्र सिंह परवाज और विधायक संजीव शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध कवयित्री अंजू जैन, कवि व स्तम्भकार रवि अरोड़ा और कवि डॉ चेतन डॉक्टर चेतन आनंद ने शिरकत की। मंच संचालन शायर राज कौशिक ने किया।

इस अवसर पर गाजियाबाद और आसपास के क्षेत्रों के 89 रचनाकारों की एक-एक रचना के साझा काव्य संग्रह तवज्जो का लोकार्पण भी किया गया। सभी रचनाकारों ने अपनी एक एक सर्वश्रेष्ठ रचना का पाठ किया।

काव्य पाठ करने वालों में पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता बलराज शर्मा भी शामिल रहे। विधायक संजीव शर्मा, पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, चीफ सिविल वार्डन ललित जायसवाल, पिलखुवा नगर पालिका के अध्यक्ष विभु बंसल और वरिष्ठ पत्रकार सलामत मियां ने शानदार आयोजन के लिए सभी रचनाकारों को बधाई दी। साहित्य प्रोत्साहन समिति की तरफ से आशु बिंदल, सीपी सिंह तालियान, अनिल सांवरिया, अंकुर अग्रवाल, संदीप सिंघल, बिंदेश दीक्षित बॉबी, रवि कुमार आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। केके दीक्षित, अनिमेष शर्मा, ऋचा सूद, अरुण साहिबाबादी, आरपी शर्मा, नरेश मालिक, डॉ अशोक मैत्रेय, गार्गी कौशिक, अल्पना सुहासिनी आदि मंचासीन रहे

## लगातार 131 रचनाकारों का काव्य पाठ 8 घन्टे तक चला, विश्व प्रसिद्ध शायर विजेंद्र सिंह परवाज को शेरो पर बहुत दाद मिली-

ये जिंदगी भी कैसे बहाने में कट गई
जैसा नहीं हूं वैसा दिखाने में कट गई
बर्दाश्त किसको होती हैं खुद्दारियां यहां
गरदन हमारी सर को उठाने में कट गई
डॉ रमा सिंह को इन पंक्तियों पर बहुत दाद मिली-
आँसू की बरसात हुई है सारा आलम डूब गया।
होठों पर लेकर मुस्काने मैं भी गम में डूब गया।।
चेहरों पर चेहरे हैं कितने कहते कुछ करते हैं कुछ
ऐसे चेहरों के कारण ही देश का परचम डूब गया।।
शायर राज कौशिक को इस शेर पर खूब वाह वाही मिली-
सीधा सादा निश्छल निर्मल दिल का सच्चा हूं
इस पर लोग खफा रहते हैं क्यों मैं अच्छा हूं
कवयित्री अंजू जैन का ये गीत बहुत पसंद किया गया-
तुम कहो तो भेज दूं मैं हिचकियां भी डाक से
साथ में कुछ बचपने की कश्तियां भी डाक से
चाहती हूं गोद में सर रख के सो जाऊं तेरी
भेज दे मां थपकिया और लोरियां भी डाक से
लौट कर आने का वादा करके भी आते नहीं
और आ जाती है उनकी वर्दियां भी डाक से
डॉ तारा गुप्ता का ये मुक्तक बहुत सराहा गया-
बड़े बदलाव की तैयारियों का यह जमाना है
हमें तो प्रेम की मिट्टी से बस इक घर बनाना है/
अचानक द्वार पर याचक कभी कोई खड़ा देखो
समझना इस रसोई घर में उसके हक का दाना है/
उषा श्रीवास्तव 'उषाराज' का ये अंदाज बहुत पसंद किया गया-
हम शिकंजों में ही कसते जा रहे हैं ध्यान देना
मजहबी बातों में फंसते जा रहे हैं ध्यान देना
आज हिंदुस्तान में हर ओर खुशियां हैं मगर क्यों
हर किसी के दिल दरकते जा रहे हैं ध्यान देना ।
जगदीश मीणा की ये गजल सभी को अच्छी लगी-
है कोई फि क्र तो गजलों में उसे ढलने दे
क्यूँ खयालों को रिसालों से अलग रखा है




### मौहल्ले वालों की जुबानी पेड़ छटवाने में फेल हो गये फूल वाले कल्याणी

कल्याणी का टिकट उनका कल्याण करने के लिये नही हुया था बल्कि किसी को नीचा दिखाने के लिये उन्हे ऊंचा किया गया था। एक दावेदार बर्थडे केक पर पार्षद लिख कर उसे काट कर रह गई और जब टिकट घोषित हुया तो उसे अहसास हो गया कि केक नही ये तो उसका ही कट गया। अब मौहल्ले वाले बता रहे है कि वो फोन मिला रहे हैं और मेंबर हसबैंड काम नही करा पा रहे हैं। फूल वोटर चाहते थे कि पार्क में पेड़ो को छंटवा दिया जाये। फूल मेंबर के हसबैंड को मौहल्ले वालों ने फोन मिलाया। कल्याणी ने इंकार भी नही किया मगर काम भी नही हुया। किसी ने मौहल्ले वालों को बता दिया कि आप भी कमाल कर रहे हो। बता दिया कि वो निगम में मुलाजिम भी है और अफसर से नजर मिलाकर काम बताना उनके बस की बात नही है। सुना है कि फिर मौहल्ले वालों ने अफसर को फोन मिलाया। अफसर को फोन करने का रिजल्ट भी सामने आ गया। निगम का दस्ता आ गया तैयारियों के साथ। पेड़ छांटने की मशीन और आरियों के साथ अब मौहल्ले वाले बता रहे हैं कि फूल वाले कल्याणी तो फेल हो गये पेड़ को छंटवाने में।

### सेना की जमीन सेना वालों के राज में ही तो खाली नही हुई

भगवा कमांडर अब शहर विधायक हैं और शहर विधायक अब लोकसभा सासंद हैं। कमांडर ने सेना की जमीन पर बीस साल पुराने अवैध कब्जे को बुलडोजर चलवाकर हटवा दिया। विपक्ष ने विरोध की रस्म पूरा की और कमांडर ने भी हुंकार भरी कि तीन दिन तक ऑन द स्पाट आकर क्यों ना रोका विपक्ष वालों ने बुलडोजर। अब भगवा कमांडर को कौन समझाये कि नेतागिरी के चक्कर में बिना बात का मुकदमा अपने नाम कौन लिखवाये। फूल वालों ने तफरी में ही सही लेकिन लोकसभा वालों को सीन में ले लिया। कहा कि वो भी तो दो बार शहर के विधायक रहें हैं पर उनसे तो ना खाली कराई गई ये जमीन तो अब क्या माना जाये इस बात को। समझने वाला समझ गया और उसने जनरली उदाहरण देकर बात समझाई। कहा कि अजी आप ये समझो कि सेना वाले भी तो दो बार सासंद रहें मगर सेना की जमीन उनसे ही खाली ना करवाई गई। कमांडर का जज्बा था कि वो अवैध कब्जा हटवा दिया जिसे सेना वाले नही हटवा सके। तीसरी बात नई निकल कर सामने आई कि अजी वो चाहते तो एक झटके में सब हो जाता मगर बात ये थी कि रक्षामंत्री के पास ज्ञापन लेकर कौन जाता।

### उतर गया है भगवा नेताओं के सिर से ठेकेदारी का बुखार

यूपी में पहली पारी में बाबा ने शपथ ली और इधर सरकारी महकमों में ठेका लेने के लिये भगवा नेताओं में ही गुथम गुथ हो गई। युवा नेता, वरिष्ठ नेता, अलाने जी का प्रतिनिधि सब ठेकेदार बनने की लाईन में लग गये और निधि का हिसाब लगा कर टेंडर की विधि तलाश करने लगे। किसी भगवा नेता ने निगम की ईमारत को पीला पोत डाला तो किसी ने विकास वाले ठेके लिये। अब लीडरों को कौन समझाये कि ठेकेदारी करते करते तो नेता बहुत बने हैं पर नेतागिरी करते करते ठेकेदारी नही हो पाती। ठेकेदारी का सिस्टम ऐसा है कि यहां अवर अभियंता से लेकर बाबू को देने हैं। सरकारी महकमों के बाबू बता रहे हैं कि भगवा नेताओं के सिर से ठेकेदारी का बुखार उतर गया है। वो बता रहे हैं कि अजी मना किसी ने ना किया और ये तो खुद ही बैक हो गये हैं।

## दहशत फैलाने वाले 3 बदमाश पकड़े

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दबंगई दिखाने वाले तीन शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल के अनुसार, आशीष, सलमान और शाहरुख नाम के इन बदमाशों ने 21 जनवरी की रात शालीमार गार्डन की गली नंबर एक में स्थानीय लोगों के साथ मारपीट की और दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग भी की। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपी इलाके में अपना दबदबा कायम करने के लिए लोगों को धमकाते थे। जब कपिल, सोनू और उनके जीजा ने इनकी हरकतों का विरोध किया, तो इन बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की और डराने के लिए हवाई फायरिंग कर दी। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे लोगों में खौफ पैदा करने के लिए ऐसी घटनाएं करते हैं और हमेशा अपने साथ तमंचा और चाकू रखते हैं। पुलिस ने आरोपियों से एक तमंचा, कारतूस और दो चाकू बरामद किए हैं।




## स्वॉट वालों के नाम रहेंगे कई इनाम

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में आज लाइन के मैदान में 26 जनवरी वाली परेड की फुल रिहर्सल होगी। जिसमें कई दिनों से चल रही तैयारी का नजारा देखने को मिलेगा। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि 26 तारीख को जो लोकल वाले इनाम मिलने हैं, उसमें इस बार भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाली क्राइम कंट्रोल की स्वॉट टीम का डंका बजाने वाला है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई इनाम टीम के नाम रहने वाले हैं। तो कई पत्र भी वितरित होने हैं, सुनने में आ रहा है कि प्रभारी थ्री-स्टार से लेकर उनके साहब के लिए अलग से चिन्ह रिजर्व हो सकता है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी और देहात वालों का भी नाम जमकर लिया जाएगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्रों की माने तो इस बार इस बात की भी चर्चा है कि किस एसीपी को लाइन में पत्र और पुरस्कार मिलेगा। यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है, देखना होगा कि कौन से एसीपी




को इस बार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में 26 जनवरी वाली परेड के दौरान इनाम मिलता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि कमिश्नरेट सिस्टम की जो लोकल एसीपी वाली लिस्ट थी। उसका अभी होल्ड वाला सीन चल रहा है। कुछ का कहना है कि यह फरवरी में क्लियर होगी, तो कुछ बता रहे हैं कि मामला कुछ और भी है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में क्राइम कंट्रोल के लिए बेहद लंबी पारी खेलने वाले अधिकारी और उनके टीम के थ्री-स्टार के नाम इस बार भी पुरस्कार होने की जानकारी मिली है। तो वहीं कई एसीपी भी इस बार सम्मानित होने वाली लाइन में नजर आ सकते हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम की होने वाली परेड से पूर्व आज फुल ड्रेस रिहर्सल है। जिसमें पुलिसकर्मी लाइन के मैदान में अपनी ताकत और क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। तो वहीं देशभक्ति और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में कई तरीके के आयोजन भी होंगे। खास तौर पर स्कूली छात्राओं का बैंड इस बार अलग ही नजारा प्रस्तुत करेगा। ऐसी कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिली है। तो वहीं सूत्र बता रहे हैं कि एक एसीपी ने परेड और पूरे समारोह आयोजन को बेहतर ढंग से सजाने का भी काम किया है। कुल मिलाकर देखना होगा कि 26 तारीख वाला आयोजन पिछली बार की तरह कितना भव्य, शानदार और सफल रहता है।

# रितिका यादव की रिंग सेरेमनी डॉ गौरव यादव के साथ धूमधाम से संपन्न





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सपा के प्रदेश सचिव अनिल यादव की भतीजी रितिका यादव की रिंग सेरेमनी डॉ गौरव यादव के साथ धूमधाम से संपन्न हुई। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर आशीर्वाद बधाई शुभकामनाएं दी।

### त्रिवेणी के आकाश में दिखेगा संस्कृति का संगम

## महाकुम्भ में 24 से 26 जनवरी ड्रोन शो का नजारा देख सकेंगे श्रद्धालु

### ड्रोन शो में एक साथ सैकड़ों ड्रोन आकाश में बनाएंगे विभिन्न आकृतियां




**प्रयागराज करंट क्राइम।** महाकुम्भ में तकनीक और सांस्कृतिक संगम के अद्भुत प्रदर्शन की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्यटन विभाग की ओर से महाकुम्भनगर के सेक्टर-7 में 24, 25 और 26 जनवरी को ड्रोन शो का आयोजन किया जा रहा है। यह शो आधुनिक तकनीक और भारतीय संस्कृति का संगम प्रस्तुत करेगा, जो श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। गणतंत्र दिवस पर इस आयोजन के लिए पर्यटन विभाग ने विशेष तैयारी की है।

#### रोशनी और संगीत के समन्वय का नजारा

करंट क्राइम। गुरुवार की शाम सेक्टर-7 में ड्रोन शो का रिहर्सल किया गया। शो में ड्रोन एक साथ आकाश में उड़कर विभिन्न आकृतियां बनाएंगे। भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और महाकुम्भ के महत्व को दशार्ने वाले दृश्य ड्रोन के माध्यम से आकाश में उकेरे जाएंगे। रोशनी और संगीत के समन्वय का यह नजारा मेले में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देगा।

#### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

करंट क्राइम। ड्रोन शो को लेकर प्रशासन ने सख्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की है। शो के रिहर्सल के दौरान स्थानीय प्रशासन, पुलिस और पर्यटन विभाग ने आपसी समन्वय से सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। अधिकारियों ने आयोजन स्थल पर सुरक्षा और तकनीकी व्यवस्था का जायजा लिया।

# नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में एक दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुरूवार को सड़क सुरक्षा क्लब ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहयोग से सड़क सुरक्षा जागरूकता शपथ एवं मानव श्रृखला निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डा. अरुण कुमार सिंह एवं सभी विभागाध्यक्ष के साथ में कार्यक्रम अधिकारी डा. ऋषि कुमार सिंह द्वारा मां भारती एवं नेता जी सुभाष चंन्द्र बोस को याद करके किया गया।

संस्थान के निदेशक ने बताया कि सड़क सुरक्षा के उपायों तथा उनके नियमानुसार प्रयोगों द्वारा सड़क हादसों की रोकथाम की जा सकती है। साथ ही उन्होने बताया कि मौसम और सड़क के हालात के अनुसार रक्षात्मक चालन, वाहन लाइटों और हार्न का प्रयोग, सीट बेल्ट पहनना, वाहन शीशा का सही प्रयोग, अधिक गति से बचना एवं परेशानी की स्थिति उत्पन्न होने पर सही सूझ-बूझ होनी चाहिये। सड़क दुर्घटनाओं के बढते मामले को ध्यान में रखते हुये आज की युवा पीढी को इसके प्रति आगाह किया। जल्दबाजी के परिणामस्वरुप कुछ ड्राइवर बिना किसी डर के ट्रैफिक नियमो का उल्लंघन करते हैं। हालांकी हमारी सरकार ने सख्त सड़क सुरक्षा नियमों और भारी जुमार्ने का प्रावधान किया है। तत्पश्चात स्वयं सेवियों ने सभी उपस्थित छात्रों, शिक्षको व कर्मचारियों के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में समझाया एवं सभी को शपथ दिलवाई गई। इस कार्यक्रम में कुल 135 छात्र एवं 15 शिक्षकगण उपस्थित थे।

# लॉस एंजिलिस में आग का भयावह रूप, अब उत्तरी जंगल पर मंडराया संकट, 50000 लोगों को बाहर निकालने के आदेश

**कैलिफोर्निया ।** प्रभाव इतना तेज है कि लोगों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर हो चुके है। इसी बीच आग के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए बुधवार को और 50000 लोगों को इलाके से निकालने के लिए आदेश जारी किया गया है।



बता दें कि ह्यूजेस फायर सुबह देर से भड़की और कुछ ही घंटों में 39 वर्ग किलोमीटर से अधिक पेड़ और झाड़ियां जल गईं। इससे लेक कैस्टिक के पास काले धुएं का प्रकोप बढ़ता दिखाई दिया। मामले में एलए काउंटी शेरिफ रॉबर्ट लूना ने कहा कि 31,000 से अधिक लोगों को निकालने का आदेश दिया गया है और अन्य 23,000 लोगों को निकालने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग की जानकारी अगजनी को लेकर राष्ट्रीय मौसम सेवा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी। इसमें कहा गया कि दोपहर में इलाके में हवा की गति 67 किलोमीटर प्रति घंटा थी, लेकिन शाम और गुरुवार को इसके बढ़कर 96 किलोमीटर प्रति घंटा हो जाने की उम्मीद है। साथ ही एलए काउंटी फायर चीफ एंथनी मार्रोन ने कहा कि आग पर काबू पाना मुश्किल है, लेकिन अग्निशमन दल काबू पा रहे हैं।

लॉस एंजिलिस में भड़की इस आग को लेकर ताजा अपडेट ये है कि इसके कारण इंटरस्टेट पांच हाईवे के 48 किलोमीटर का हिस्सा बंद कर दिया गया था, क्योंकि आग पहाड़ियों से नीचे की तरफ फैल रही थी। तेज हवाओं के कारण आग फैलने की गति और बढ़ गई है। एक और समस्या ये भी है कि अगले कुछ दिनों में हवाएं और तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है।

**दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस में लगी भयंकर आग दिन-प्रतिदिन और भयावह रूप लेती हुई दिख रही है। तेजी से फैलने वाली ह्यूजेस फायर नामक ये आग वहां के लोगों के लिए बड़ी आपदा के तौर पर सामने आई**

### लॉस एंजिलिस की मेयर की चेतावनी

लॉस एंजिलिस के लोगों के लिए केवल आग ही अब एक संकट नहीं रह गया। इस अगजनी के चलते कई जगहों पर हवा में राख और हानिकारक पदार्थ हैं, जिससे लोगों को स्वास्थ्य की समस्याएं हो सकती हैं। इसको लेकर लॉस एंजिलिस की मेयर करेन बास ने चेतावनी देते हुए कहा किआग की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है और फायरफाइटर्स हॉट स्पॉट्स पर काम कर रहे हैं। साथ ही दक्षिणी कैलिफोर्निया में यह आग बड़ी समस्या बन गई है और कई इमारतें और घर जल चुके हैं। इस आग के कारण 28 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों इमारतें नष्ट हो गई हैं। आग से बचने के लिए अजीबोगरीब रास्ता अपना रहे लोग पहाड़ों में अगजनी वहां के लोगों के लिए एक बड़े संकट के तौर पर है। इससे बचाव के लिए कई लोग अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं।

# गलती से विमान में छूटी बिल्ली, 24 घंटे तक हवाई यात्रा की, तीन बार की न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया की यात्रा

**वेलिंग्टन ।** न्यूजीलैंड से एक अजीबोगरीब खबर सामने आ रही है। जहां एक मिटेंस नामक बिल्ली छोटी सी गलती के कारण जेटसेटर बन गई। दरसअल इस महीने एक मेन कून बिल्ली जिसका नाम मिटेंस है। जब उसका पिंजरा विमान के कार्गो होल्ड में छूट गया, तो उसने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच 24 घंटे में तीन बार यात्रा की।



बता दें कि 8 साल की मिटेंस को 13 जनवरी को न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च से ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में अपने नए घर के लिए एक साइड की यात्रा पर भेजा गया था। लेकिन जब उसके मालिक मार्गो नेस विमान से बिल्ली को उतारने का इंतजार कर रही थीं, तो तीन घंटे बाद भी मिटेंस का कोई पता नहीं चला। फिर ग्राउंड स्टाफ ने बताया कि विमान न्यूजीलैंड वापस लौट आया था और मिटेंस अभी भी उस पर सवार थी। यह यात्रा लगभग 7.5 घंटे लंबी थी।

मेंटस की मालीक नेस को जब ये पता चला तो उन्होंने आश्चर्यचकित होकर उन्होंने कहा कि यह कैसे हो सकता है ?, इसके बाद पता चला कि एयर न्यूजीलैंड के पायलट को उड़ान के दौरान बिल्ली के बारे में जानकारी दी गई थी और उसने कार्गो होल्ड में हीटिंग चालू कर दी थी ताकि मिटेंस आरामदायक रहे। ऐसा हुआ क्योंकि व्हीलचेयर के कारण बैगेज हैंडलर को मिटेंस का पिंजरा नजर नहीं आया था।

### मिटेस से मिलने के बाद नेस की प्रतिक्रिया

मिटेंस का वजन थोड़ा कम हो गया था, लेकिन उसे कोई नुकसान नहीं हुआ। नेस ने कहा कि वह बस मेरी बाहों में आकर लिपट गई और सबसे बड़ी झप्पी ली।

# जयशंकर बोले- अमेरिका की ट्रंप सरकार आत्मविश्वास से भरी, आव्रजन नीति और पाकिस्तान मुद्दे पर भी बोले

**वॉशिंगटन ।** विदेश मंत्री जयशंकर ने भारतीय पत्रकारों के समूह की प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि, 'मैंने जो देखा वह वास्तव में एक बहुत ही आत्मविश्वासी और उत्साहित आने वाला प्रशासन था। मेरा मतलब है कि यह भावना कि 'देखिए, हमें काम पूरा करना है'।' भारतीय विदेश मंत्री 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए भारत सरकार के प्रतिनिधि थे। बता दें कि, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ समारोह में शामिल होने के बाद नए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ द्विपक्षीय वार्ता की, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज के साथ बैठकें कीं और एक बहुपक्षीय क्वाड बैठक में भाग लिया, इसके अलावा नए ट्रंप प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत की।




**'अमेरिकी राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच बहुत अच्छा रिश्ता'** : जयशंकर ने एक सवाल के जवाब में कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच बहुत अच्छा रिश्ता है। साथ मिलकर काम करने का इतिहास रहा है।' 'पिछले 48 घंटों में मैंने जो उत्साह और आत्मविश्वास देखा है, उसे देखते हुए मुझे लगता है कि यह एक असाधारण रूप से सक्रिय प्रशासन है। और सिर्फ पिछले 48 घंटे ही नहीं, बल्कि वे पदभार संभालने से पहले भी बहुत सक्रिय थे। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने पहली बार किसी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया।

### 'भारत हमेशा अवैध भारतीयों की वैध वापसी के लिए तैयार'

वहीं इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत हमेशा अवैध भारतीयों की वैध वापसी के लिए तैयार है। बुधवार को उन्होंने कहा कि नई दिल्ली अभी भी अमेरिका से उन लोगों की पुष्टि करने की प्रक्रिया में है जिन्हें भारत भेजा जा सकता है और ऐसे व्यक्तियों की संख्या अभी निर्धारित नहीं की जा सकती है। एक सरकार के रूप में, हम स्पष्ट रूप से कानूनी गतिशीलता के बहुत समर्थक हैं क्योंकि हम वैश्विक कार्यस्थल में विश्वास करते हैं। हम चाहते हैं कि भारतीय प्रतिभा और भारतीय कौशल को वैश्विक स्तर पर अधिकतम अवसर मिले। साथ ही, हम इस बात पर भी दृढ़ता से कायम हैं कि हम कानूनी गतिशीलता के पक्ष में हैं।

### 'हम अवैध आवागमन और प्रवास का विरोध करते हैं'

भारतीय पत्रकारों के एक समूह से जयशंकर ने कहा, 'हम अवैध आवागमन और अवैध प्रवास का विरोध करते हैं।' 'क्योंकि आप भी जानते हैं कि जब कोई अवैध काम होता है, तो उसके साथ कई अन्य अवैध गतिविधियां भी जुड़ जाती हैं, जो वांछनीय नहीं है। यह निश्चित रूप से प्रतिष्ठा के लिहाज से अच्छा नहीं है। इसलिए, प्रत्येक देश के साथ, और अमेरिका कोई अपवाद नहीं है।

# युद्धविराम से पहले बेन-ग्वीर के इस्तीफे पर सवाल इस्राइल में 20 साल बाद दोहराई नेतन्याहू जैसी कहानी

**तेल अवीव ।** 19 जनवरी को जैसे ही गाजा में हमास के साथ युद्धविराम समझौता लागू होने वाला था, इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-ग्वीर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। लेकिन इसमें एक मजबूत समानता है जो करीब दो दशक पहले प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तरफ से किए गए इस्तीफे से मेल खाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि, 'सिद्धांत के आधार पर इस्तीफा देकर, इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-ग्वीर नेतन्याहू की रणनीति का पालन कर रहे हैं, ताकि वे शक्ति बना सकें'।



### युद्धविराम समझौता लागू होने के दौरान इस्तीफा

इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-ग्वीर की दक्षिणपंथी पार्टी ओत्जमा येहुदित ने रविवार सुबह सरकार से निकलने का फैसला ठीक उसी समय लिया, जब गाजा पट्टी में युद्धविराम समझौता लागू हो रहा था। अपने इस्तीफे के दौरान उन्होंने कहा कि उनके तीन कैबिनेट सदस्य - बेन-ग्वीर, विरासत मंत्री अमिचाई एलियाहू, और नेगेव, गैलिली और राष्ट्रीय लचीलापन मंत्री यित्जहाक वासरलॉफ ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को इस्तीफा पत्र भेजे हैं।

**20 साल पहले नेतन्याहू ने ऐसे ही दिया था इस्तीफा** : साल 2005 में, बेंजमिन नेतन्याहू ने तत्कालीन एरियल शेरॉन की सरकार से इस्तीफा दिया था, जब गाजा से इस्राइली सैनिकों की वापसी योजना थी। नेतन्याहू ने तब कहा था, 'गाजा इस्लामिक आतंकवाद का गढ़ बनता जा रहा है। हमास मजबूत हो रहा है और हमें यह लगता है कि हम बिना लड़ाई के भाग रहे हैं।'

### गाजा से जुड़े फैसलों के विरोध में इस्तीफा

इसी तरह, बेन-ग्वीर ने इस बार कहा कि वर्तमान समझौता हमास के सामने 'समर्पण' है। पीएम बेंजमिन नेतन्याहू और बेन-ग्वीर दोनों ने गाजा से संबंधित फैसलों के विरोध में इस्तीफा दिया। नेतन्याहू ने एरियल शारोन के गाजा डिसइंगेजमेंट योजना के विरोध में इस्तीफा दिया, जबकि बेन-ग्वीर ने युद्धविराम और बंधकों के समझौते का विरोध किया।

**बेन ग्वीर ने ऐसे की नेतन्याहू की नकल :** दोनों इस्तीफे ठीक उसी समय हुए, जब संबंधित नीतियों को मंजूरी दी जा रही थी।

# जॉनी मूर बोले- ट्रंप हिंदू अमेरिकियों के होंगे अच्छे मित्र, कहा- धार्मिक स्वतंत्रता पहली प्राथमिकता

**स्विट्जरलैंड ।** डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व आध्यात्मिक सलाहकार जॉनी मूर ने बुधवार को कहा कि ट्रंप 2.0 प्रशासन के लिए धार्मिक स्वतंत्रता पहली प्राथमिकता होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति हिंदू अमेरिकियों के अच्छे मित्र साबित होंगे। मूर ने खालिस्तान के मुद्दे, संशोधित आव्रजन नीतियों और डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के तहत भारत-अमेरिका संबंधों की प्रगति के बारे में भी बात की। यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम (यूएससीआईआरएफ) के पूर्व आयुक्त रहे जॉनी मूर ने कहा, यह बिल्कुल स्पष्ट है कि धार्मिक स्वतंत्रता ट्रंप प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जब वह कुछ महीने पहले राष्ट्रपति चुनाव में शामिल हुए थे तो वह दुनिया के उन नेताओं में से एक थे, जिन्होंने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के बारे में स्पष्ट और सीधे तौर पर बात की थी। इसलिए आप निश्चिंत हो सकते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप न केवल भारतीय अमेरिकियों, बल्कि सभी हिंदू अमेरिकियों के अच्छे मित्र बनने जा रहे हैं।



खालिस्तान के मुद्दे पर मूर ने कहा, मैं उस विषय का विशेषज्ञ नहीं हूं, लेकिन मैं आपको जो बता सकता हूं और जिस पर मुझे पूरा भरोसा है।

# अमेरिका में चीनी अधिकारी के घर पर चिपकाया था धमकी भरा नोट, अदालत ने सुनाई 16 महीने की सजा

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका के न्यू जर्सी में एक चीनी पूर्व अधिकारी जू जिन के घर पर धमकी भरा नोट चिपकाने वाले व्यक्ति को बुधवार को 16 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। धमकी भरा नोट चिपकाने मामले में अमेरिकी अधिकारियों ने आरोपी को दोषी पाया। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी चीन सरकार द्वारा चलाए जा रहे एक दबाव अभियान का हिस्सा था जो अमेरिका में प्रवासियों को डराया धमकाया करता था।



बता दें कि धमकी से भरे नोट मामले में दोषी झेंग कांगिंग नामक व्यक्ति, जो इस मामले में दोषी ठहराए गए तीन आरोपियों में से एक है। झेंग पर आरोप है कि चीनी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को डराने-धमकाने का काम किया करता था।

### विदेश में आलोचको को धमकाता है चीन


अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि चीन अपनी सरकार के आलोचकों और असंतुष्टों को विदेशों में परेशान करता है। हालांकि चीन ने इस आरोप को नकारते हुए इसे केवल भगोड़ों को वापस लाने का प्रयास बताया है।

### एक नजर पूरे मामले पर

चीन में रिश्वतखोरी के आरोपों का सामना कर रहे चीनी अधिकारी जू जिन के घर का ये मामला है। जब झेंग और उसके साथियों ने जू पर दवाब बनाने के लिए उनके घर पर एक धमकी भरा नोट चिपका दिया।

# जर्मनी में अफगान व्यक्ति ने चाकू से किया हमला बच्चे समेत दो लोगों की मौत

**बर्लिन ।** जर्मनी से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां एक अफगान व्यक्ति ने चाकू से हमला कर बच्चें समेत दो लोगों की हत्या कर दी। साथ ही इस हमले में तीन लोग के घायल होने की भी खबर सामने आ रही है। मारे गए लोगों में एक दो साल का बच्चा और 41 साल का एक जर्मन व्यक्ति शामिल है। वहीं बात अगर घायल व्यक्तियों की करें तो हमले में एक 72 साल का जर्मन व्यक्ति, 59 साल की जर्मन महिला और 2 साल की सीरियाई लड़की भी घायल हो गई।




### हमले के बाद गिरफ्तार हमलावर

दक्षिणी जर्मनी के असचफेनबर्ग में एक पार्क में हुए इस चाकू कांड का हमलावर अब पुलिस के गिरफ्त में है। हमलावर की पहचान को लेकर पुलिस ने बताया कि संदिग्ध हमलावर एक 28 साल का अफगान व्यक्ति था, जिसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया।

हालांकि हमले के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन पुलिस और सरकारी अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध मानसिक रूप से बीमार हो सकता है। उसने पहले भी हिंसक अपराधों के लिए पुलिस का ध्यान खींचा था और उसे इलाज दिया गया था। वह नवंबर 2022 में जर्मनी आया था और शरण मांगी थी, लेकिन उसे पिछले महीने देश छोड़ने के लिए कहा गया था।

गौरतलब है कि यह हमला उस समय हुआ है जब जर्मनी पहले से ही एक अन्य हमले के कारण अलर्ट पर था, जिसमें एक ड्राइवर ने क्रिसमस बाजार में कार घुसाकर छह लोगों को मार डाला और लगभग 300 को घायल कर दिया। इस घटना ने जर्मनी में प्रवासन नीति को लेकर और कड़े कदम उठाने की मांग को बढ़ा दिया है।

# इस्राइली सेना ने लिया वेस्ट बैंक बस हमले का बदला आईडीएफ ने दो फलस्तीनी आतंकवादियों को मार गिराया

**यरुशलम ।** इस्राइली सेना ने इस महीने की शुरूआत में वेस्ट बैंक में एक बस पर जानलेवा हमला करने वाले दो फलस्तीनी आतंकवादियों को मार गिराया है। इस्राइली सेना ने गुरुवार को बताया कि दोनों लोगों ने वेस्ट बैंक के गांव बुरकिन में एक ढांचे में खुद को घेर लिया और मारे जाने से पहले रात भर इस्राइली सैनिकों के साथ गोलीबारी की। वहीं इस गोलीबारी में इस्राइली सेना का एक सैनिक भी मामूली रूप से घायल हुआ है।



### हमास ने कबूला- सशस्त्र विंग के सदस्य थे दोनों

इस्राइली सेना ने बताया कि गोलीबारी में मारे गए दोनों के नाम मोहम्मद नज्जल और कटिबा अल-शलाबी थे, जो इस्लामिक जिहाद आतंकवादी समूह के कार्यकर्ता थे। इधर हमास ने एक बयान जारी कर दावा किया कि दोनों लोग उसके सशस्त्र विंग के सदस्य थे और बस हमले की प्रशंसा की। हमास और छोटे और अधिक कट्टरपंथी इस्लामिक जिहाद सहयोगी हैं जो कभी-कभी एक साथ हमले करते हैं।

जनवरी में दूसरी बार कार्रवाई, अबतक पांच फलस्तीनी आतंकी ढेर इससे पहले जनवरी के पहले हफ्ते में इस्राइली सेना ने अपने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में कई हमले किए, जिसमें तीन फलस्तीनी आतंकवादी मारे गए थे।

सेना ने बताया कि तमुन में उनके जवानों पर गोली चलाई गई, जिसके बाद उन्होंने जवाबी कार्रवाई करते हुए हवाई हमले में दो फलस्तीनियों को मार गिराया। जबकि पास के गांव तालुजा में आमने-सामने की भिड़ंत में इस्राइली सेना ने एक अन्य आतंकी को ढेर कर दिया। इस दौरान एक इस्राइली सैनिक घायल हुआ था। सेना के अनुसार उसने इस इलाके में 20 से ज्यादा आतंकियों को गिरफ्तार किया है।

6 जनवरी को इस्राइलियों को ले जा रही एक बस पर हुए हमले में तीन लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए थे। बता दें कि, इस्राइल ने 1967 के मध्यपूर्व युद्ध में वेस्ट बैंक पर कब्जा कर लिया था।

# मॉर्शल लॉ मामले में राष्ट्रपति येओल पर महाभियोग चलाने की मांग

**सियोल ।** दक्षिण कोरियाई जांचकताओं ने अभियोजकों से देश के हिरासत में लिए गए राष्ट्रपति यून सुक येओल पर पिछले महीने अल्पकालिक मार्शल लॉ लागू करने के लिए अभियोग चलाने को कहा है, क्योंकि गुरुवार को उन पर विद्रोह, सत्ता का दुरुपयोग और संसद में बाधा डालने का आरोप लगाया गया था। उच्च पदस्थ अधिकारियों के भ्रष्टाचार जांच कार्यालय ने कहा कि यून ने 3 दिसंबर को मार्शल लॉ घोषित करके और नेशनल असेंबली को सील करने के लिए सेना और पुलिस अधिकारियों को भेजकर 'दंगा' किया और संविधान को कमजोर करने की कोशिश की। विधानसभा ने यून पर महाभियोग लगाया सीआईओ में उप मुख्य अभियोजक ली जे-सुंग ने एक टेलीविजन ब्रीफिंग में बताया ।



# अंतरिक्ष में बढ़ता कचरा घातक, उपग्रहों का संचालन होगा प्रभावित, टकराव बढ़ने से और खतरनाक होंगे हालात

**नई दिल्ली ।** अंतरिक्ष में लगातार बढ़ रहा कचरा पृथ्वी की कक्षा के लिए घातक होता जा रहा है। यह केसलर सिंड्रोम के रूप में टकरावों की पूर्व चेतावनी दे रहा है। इससे पृथ्वी की कक्षा में उपग्रहों का इस्तेमाल करना मुश्किल हो जाएगा। केसलर सिंड्रोम, पृथ्वी की कक्षा में अंतरिक्ष कचरे से होने वाली समस्या का एक सैद्धांतिक मॉडल है। इसके अनुसार अंतरिक्ष में कचरा बढ़ने से पृथ्वी की कक्षा में टकराव बढ़ेंगे और इससे और ज्यादा कचरा पैदा होगा। इस तरह अंतरिक्ष में कचरे की समस्या और बढ़ती जाएगी। इससे और ज्यादा कचरा पैदा होगा।



नासा के वैज्ञानिक डोनाल्ड जे. केसलर ने 1978 में इस सिद्धांत को पेश किया था, इसलिए इसे उन्हीं के नाम से जाना जाता है। नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि केसलर सिंड्रोम एक ऐसे प्रभाव की कल्पना करता है जिसमें एक टकराव से निकलने वाला मलबा बाद के प्रभावों को आगे बढ़ता है। इसकी वजह से अंतरिक्ष में मलबे का एक खतरनाक बादल बनता है जो दशकों या उससे भी अधिक समय तक उपग्रह संचालन और अंतरिक्ष अन्वेषण में रुकावट पैदा कर सकता है।

### 1 से 10 सेमी के बीच के हैं लगभग 9 लाख टुकड़े

2024 तक लगभग 80 विभिन्न सरकारी अंतरिक्ष एजेंसियां अस्तित्व में थीं। इनमें 70 से अधिक राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसियां और कई अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां शामिल हैं। यह सब अंतरिक्ष में सक्रिय हैं। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) का अनुमान है कि पृथ्वी की कक्षा में 10 सेमी से बड़े मलबे के 34 हजार से ज्यादा टुकड़े हैं। नासा का कहना है कि जनवरी 2019 तक अनुमान लगाया गया था कि 1 सेमी (0.39 इंच) से छोटे मलबे के 12.8 करोड़ से अधिक टुकड़े हैं और 1 से 10 सेमी के बीच लगभग 9 लाख टुकड़े हैं।

### लगातार बढ़ रहा अंतरिक्ष में खतरा

विशेषज्ञों का कहना है कि पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे 47,000 से अधिक पता लगाई गई चीजें और अनगिनत छोटे टुकड़ों के साथ खतरे और भी अधिक बढ़ रहे हैं। हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन इन संभावित टकरावों से बचने के लिए कई अभ्यास करता है और उपग्रह संचालकों को अक्सर चेतावनी मिलती है। विशेषज्ञों का कहना है कि केसलर सिंड्रोम सबसे खराब स्थिति है, जहां कक्षा में एक भी टकराव या विस्फोट मलबे के प्रभावों की एक शृंखला शुरू कर देता है, जिससे अंतरिक्ष में कबाड़ की मात्रा में तेजी से वृद्धि होती है।

**10 सेमी या उससे ज्यादा का टुकड़ा बड़े मलबे में शामिल** : बड़े मलबे की गिनती 10 सेमी या उससे बड़े के रूप में होती है। इनकी संख्या 2019 में 34,000 थी और जून 2023 तक कम से कम 37,000 हो गई।

# स्वर्गीय राजवीर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने उमड़ा जन सैलाब
















गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष तथा एमएलसी मोहित बेनीवाल के पिता स्वर्गीय राजवीर सिंह का स्वर्गवास 15 जनवरी को हो गया था। उनकी शोकसभा 23 जनवरी को पैतृक गांव खेड़ा गदाई शामली में हुई। शोकसभा में हजारों लोगो ने स्वर्गीय राजवीर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

## अपर जिलाधिकारी नगर की अध्यक्षता में नॉर्को -आर्डिनेशन मैकेनिज्म की बैठक आहूत



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अपर जिलाधिकारी नगर कार्यालय, कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी नगर गम्भीर सिंह की अध्यक्षता में नॉर्को-आर्डिनेशन मैकेनिज्म (एन०सी०ओ०आर०डी०) की बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के तहत नशा के विरूद्ध कार्यवाही की जाएं।

स्कूल कॉलेजों में एक दिन आवश्यक रूप से नशे के विरूद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिसमें निबंध, वाद-विवाद, भाषण, चित्रकला आदि प्रतियोगिता आयोजित की जाए। गाजियाबाद क्षेत्र के सभी बस स्टेशनों पर उद्घोषणा यंत्र द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार तथा परिवहन निगम के अनुबन्धित ढाबों पर भी नशा मुक्ति से सम्बन्धित होर्डिंगस/बोर्ड लगाये जाएं। जनपद में संघन चैकिंग अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर पूर्ण रूप से विराम लगाये जाने का कार्य किया जाए। बैठक में पुलिस विभाग, औषधि निरीक्षक, कृषि विभाग, जीआरपी, परिवहन, वन विभाग, यातायात, आबकारी विभाग, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारियों/प्रतिनिधियों उपस्थित रहे।

## शालीमार गार्डन मंडल में चलाया संविधान गौरव अभियान




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गुरुवार को शालीमार गार्डन मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी के नेतृत्व में टेलीफोन एक्सचेंज रोड भड़ाना मार्केट में संविधान गौरव अभियान को लेकर वार्ड -34 शहिद नगर सी-ब्लॉक वाल्मीकि कालोनी में टोली बनाकर चलाया गया। वही भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम आदित्यनाथ योगी द्वारा किये हुए कार्य को बताया गया। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों एवं विरासत का सम्मान करने के लिए भाजपा के द्वारा किए गए कार्यों को बताया है। मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी ने बताया कि कांग्रेस के द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के साथ किए गए अपमानों को भी बताया गया। वही भाजपा शालीमार गार्डन मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी का सम्मान समारोह भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता संजय चौटाला, गुरदास पाल, सुरेश तिवारी, आदेश तिवारी, सुनील त्यागी, सतीश सेन, सौरभ, मोनू राघव, मनीष सैनी, आदित्य भड़ाना, सोनू भाटी आदि मौजूद रहे।

## साहिबाबाद और गाजियाबाद स्टेशनों पर यात्रियों के लिए स्मार्ट लॉकर की सुविधा आरंभ

### नमो भारत के सभी स्टेशनों पर लगाए जाएंगे स्मार्ट लॉकर




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के संचालित खंड में यात्रियों के लिए अब स्मार्ट लॉकर की सुविधा उपलब्ध है। जिसमें यात्री प्रतिघंटा की दर पर बेहद कम खर्च से इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। साहिबाबाद और गाजियाबाद स्टेशनों पर स्मार्ट लॉकर की सुविधा यात्रियों के लिए आरंभ हो गयी है। खास बात यह है कि इन लॉकर्स का उपयोग यात्री अपना सामान रखने के साथ ही ई-कॉमर्स पार्सल मँगवाने के लिए भी कर सकते हैं। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए यात्री को लॉकर पर दी गई डिजिटल स्क्रीन पर अपनी डीटेल डाल कर एकाउंट बनाना होगा। इसके बाद यात्री अपनी आवश्यकता के अनुसार लॉकर को रेंट पर ले सकते हैं। स्टेशनों पर यात्री जरूरतों के आधार पर स्मार्ट लॉकर में स्माल, मीडियम और लार्ज, एक्स्ट्रा लार्ज लॉकर की सुविधा उपलब्ध है। इस स्मार्ट लॉकर में एक से 6 घंटों तक की अवधि तक के लिए लॉकर बुक करने का विकल्प दिया गया है। लॉकर बुक करने के लिए समय और लॉकर साइज का चयन करना अनिवार्य होता है। यात्री अपनी जरूरत के मुताबिक लॉकर का साइज चुन कर लॉकर बुकिंग की प्रक्रिया के लिए आगे बढ़ सकते हैं। यात्री इस सुविधा के लिए भुगतान यूपीआई के जरिए कर सकते हैं। अगर किसी यात्री का सामान लॉकर बुकिंग टाइम से ज्यादा समय तक लॉकर में रहता है, तो लॉकर से सामान निकालने के लिए लॉकर के साइज के हिसाब से प्रतिघण्टा अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करना होगा। इसके साथ ही जल्द ही इस लॉकर को बुक करने की सुविधा नमो भारत कनेक्ट ऐप पर भी उपलब्ध होगी। इस सुविधा के लिए यात्रियों को स्माल लॉकर के लिए 20 रुपए प्रति घंटा, मीडियम लॉकर के लिए 30 रुपए प्रति घंटा और लार्ज, एक्स्ट्रा लार्ज लॉकर के लिए 40 रुपए प्रतिघण्टा के हिसाब से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। लॉकर के बुक होने पर उपभोक्ता को एक एक्सेस कोड मिलेगा, जिसे लॉकर को खोलने और बंद करने के लिए उपयोग किया जाएगा।

अगर की यात्री को ई-कॉमर्स पार्सल मंगाना है तो उन्हें अपना एक्सेस कोड और फोन नंबर डिलिवरी पर्सन को बताना होगा। जब डिलिवरी पर्सन स्टेशन में पहुंचेगा तो वहां पार्सल सिक्यिटी चेक के बाद नमो भारत स्टेशन के कस्टमर केयर बूथ पर पार्सल डिलिवरी की जानकारी देनी होगी। इसके बाद डिलिवरी पर्सन को लॉकर में सामान सखने के लिए अनुमति दी जाएगी।

## स्व० मुलायम सिंह यादव पर टिप्पणी करने पर समाजवादियों ने थाना प्रभारी को सौंपी तहरीर





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुरूवार को समाजवादी पार्टी जिला महासचिव नितिन त्यागी एवं महानगर महासचिव राजन कश्यप के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल ने स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले महंत राजू दास के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए एक तहरीर कविनगर थाना प्रभारी को सौंपी गई। इस दौरान जिला महासचिव नितिन त्यागी, महानगर महासचिव राजन कश्यप, महानगर उपाध्यक्ष गुलाब यादव, वरिष्ठ सपा नेता रमेश यादव, एडवोकेट श्रवण कुमार त्यागी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अधिवक्ता सभा जिला अध्यक्ष हरेंद्र कसाना एडवोकेट, ताहिर हुसैन, प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला सचिव कृष्ण कुमार यादव, राजवीर सिंह गौतम, जिला अध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ देवेंद्र यादव, जोगिंदर यादव, मनीष कुमार, छोटू चौहान, पिंटू चौहान, राहुल रावत कार्यालय प्रभारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप हमारी बात का गंभीरता से लो स्टेंड? अगर कोई बन गया पूरे मान से महानगर अध्यक्ष? तो गागर में सागर भरने वाले नागर इस बार उनके ना राइट बन पाएंगे, ना ही बन पाएंगे लेफ्ट हैंड? हमने पहले ही दिये हैं आपको संकेत? मिस्टर नागर के महा बनने की इच्छा तभी पूरी होगी जब सिस्टम में आएगा कोई गोयल फेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के बंसल जी कभी थे भगवा पहलवान के बहुत ही खास? उनके साथ जुड़कर पूरी हुई थी उनकी राजनीति की आस? मगर आजकल मिस्ट बंसल पहलवान से हटकर कहीं ओर ही दिखा रहे हैं फेस? हैवीवेट वालों की लिट्टी चोखा पार्टी के अलावा भगवा बजरंगी की खिचड़ी की खाते हुए दिखा उनका फेस? मगर पहलवान की खिचड़ी से वो रहे दूर? ये दिल है कि मानता नहीं? इस दिल का क्या कसूर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के भगवा कमिश्नर बनने की लगाई थी मैडम गुप्ता ने महादेव से अरदास? कहा था अगर मेरी मनोकमना पूरी हुई तो मैं कुंभ मेले में जाऊंगी साहब? सुना है मैडम गुप्ता अपने वादे पर दिख रही हैं अटल? आज पकड़ेंगी वो कुंभ मेले की शटल? करेंगी जाकर वहां पर प्रभु का आभार प्रकट? आखिर उन्हीं के आशीर्वाद से ही तो पहुंची हैं वो अध्यक्ष वाले पद के निकट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही हो हमारे साहिबाबाद वाले हैवीवेट? मगर उनकी एक्टिविटी के हो गए हैं हम बहुत ज्यादा कायल? जिस तरह से उन्होंने गंगा जी में स्नान करने के लिये लगाई छलांग? उनकी इस अदा ने हमको कर दिया घायल? उनकी छलांग लगाने वाली रफ्तार ने कर दिया हमको हैरान? देख लेना उनकी वीडियो उनकी तीव्रता का सुबूत मिल जाएगा श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के युवा वाले संदीप भैया जिससे संबंध रखते हैं उसे बहुत ही सिद्दत से निभाते हैं साहब? हम देखते हैं उनके दर्शन डेढ़ा जी के साथ सालों में होते हैं? जबकि पूर्व डिप्टी मेयर का उन्हें भाता है प्रसाद? हमने तो जब भी किये हैं उनके डिप्टी वालों के साथ किये हैं दीदार? जो भी हो इस युवा चेहरे का सामाजिक क्षेत्र में अलग ही है किरदार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल जी, बख्शी जी, त्यागी जी, यादव जी और डब्बी जी के नाम के आगे अब लग गई है पूर्व वाली तख्ती? ना जाने अब राजनीति का रास्ता इनका कैसे बनेगा, किसकी करनी होगी इनको भक्ति? अगर इन सबकी नामित या गौड़ में नहीं बनी बात तो फिर राजनीति का खेल हो जाएगा खराब? पूर्व से भूतपूर्व हो जाएंगे इनके फेस? अगर आने वाले समय में पहलवान और पहलवान के दोस्त ने इनके नहीं बनाया कोई स्पेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** राधे जी का नाम लेने वाले मेंबर त्यागी जी और सागर सा अहसास करने वाले रावत जी के बीच में लगता है आजकल ठीक नहीं चल रहे हैं हालात? सुना है आजकल हो रही है इन दोनों के बीच सीवर को समस्या को लेकर नोंकझोंक? इस तरह की बातें खूब बाहर आ रही हैं साहब? कहने वाले ने कहा हमें पता है त्यागी जी जल्दी से नहीं करेंगे इस समस्या का समाधान? आखिर दोनों ने एक-दूसरे के सामने चुनाव लड़ा था? त्यागी जी को सामने वाले को हराने में बहुत ही मजा आता है श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें भगवा गढ़ की राजनीति में बहुत ही गजब लगता है भगवा झा का झोंका? वो किसी को भी बधाई देने का नहीं चूकते है मौका? जनरली साहब से लेकर कमांडर और कमांडर से लेकर हैवीवेट वालों की लिट्टी चोखा पार्टी में नजर आता है उनका फेस? पता ही नहीं चलता कि वो कहां से मजबूत कर रहे हैं अपना बेस? जो भी हो देखते हैं वो अब इनमें से किस एंगल से लेकर आते हैं महान मंत्री वाला संदेश?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक बात सुन लो हमारी आप? लोनी में बिछाई जा रही है ओबीसी चेहरे की बिसात? कहने वाले ने कहा इस बिसात को बिछाने की है एक बहुत बड़ी वजह? यहां पर किसी एक चेहरे को नहीं देना चाहता है कोई पूरा मजा? इसलिए ओबीसी चेहरे को लेकर पूरी बिसात है लगभग बिछा?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मीडिया वाले चौधरी लगता है किसी और को नहीं लेने देगा उभरा? वो विज्ञप्तियों पर विज्ञप्तियां जारी करते हैं? नहीं लेते हैं किसी का सहारा? सुना है वो अब मीडिया के बाली बनकर कर रहे हैं काम? यही वजह है कि अब का वाले करन भैया के दर्शन नहीं हो रहे हैं श्रीमान? मीडिया वाली जिम्मेदारी से फिलहाल ये युवा चेहरा चल रहा है आउट? चौधरी साहब ने अपनी वर्किंग कर ही रखी है इतनी लाउड?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता कुंजन पंडित के भतीजे आदित्य वत्स ने पाणिग्रहण संस्कार के साथ अपने जीवन की एक नई पारी की शुरूआत की। कुंजन पंडित ने भतीजे आदित्य वत्स के सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए ईश्वर कृपा की कामना की। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# गृहमंत्री ने खुद बताई तारीख, बोले : सद्भाव और एकता का सशक्त संदेश देता है महाकुंभ





**नईदिल्ली।** शाह ने कहा कि एक समय था जब हिंदू अपने ही देश में अपनी पहचान उजागर करने में झिझकते थे। लेकिन बीते 10 सालों में हालात बदल गए हैं। हमने लगभग सभी वैचारिक कार्य पूरे किए हैं। शाह ने कहा कि चाहें वह कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करने की बात हो या अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण।

महाकुंभ 2025 का आयोजन 13 जनवरी से प्रारंभ हो चुका है। इस आयोजन में देश-विदेश से साधु-संत और श्रद्धालु पवित्र नदी में स्नान के लिए एकत्र हो रहे हैं। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस आध्यात्मिक आयोजन की सराहना की है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी अन्य आयोजन महाकुंभ से अधिक सद्भाव और एकता का संदेश नहीं देता है। इस दौरान शाह ने पुष्टि की कि वह 27 जनवरी को गंगा में पवित्र डुबकी लगाने के लिए महाकुंभ में आएंगे।

वे गुजरात विश्वविद्यालय के मैदान में हिंदू आध्यात्मिक और सेवा मेले का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। यहां बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिस पैमाने पर प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया गया है, उसे देखकर दुनिया भर के लोग आश्चर्यचकित हैं। इतना ही नहीं विभिन्न देशों के राजदूतों ने उनसे 'निमंत्रण कार्ड' के लिए अनुरोध किया। इस पर शाह ने कहा कि मैंने उन्हें बताया कि इसके लिए कोई औपचारिक निमंत्रण नहीं है, क्योंकि करोड़ों लोग ग्रहों की स्थिति के अनुसार एक विशिष्ट समय पर इकट्ठे होते हैं और गंगा में डुबकी लगाते हैं। शाह ने कहा कि मेरे बताने पर वे लोग भरोसा नहीं कर रहे कि 40 करोड़ लोग बिना किसी निमंत्रण के एक जगह इकट्ठा होते हैं। शाह ने अपने संबोधन में कहा कि कुंभ सद्भाव और एकता का संदेश देता है क्योंकि वहां कोई किसी से नहीं पूछता कि आप किस धर्म, संप्रदाय या जाति से हैं। आपको बिना किसी भेदभाव के वहा भोजन मिलेगा और पवित्र डुबकी लगाने के बाद घर वापस जाएंगे। दुनिया में कोई भी अन्य घटना इससे अच्छा संदेश नहीं देती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इतने विशाल जनसमूह में होने के बाद भी कोई होटल में नहीं रहता है क्योंकि सभी को गंगा के तट पर टेंट में रहने की सुविधा मिलती है। इस दौरान उन्होंने गुजरात के लोगों खासतौर पर युवाओं से महाकुंभ में जाने का आग्रह किया। शाह ने इस दौरान यह भी बताया कि वे खुद 27 जनवरी को गंगा में पवित्र डुबकी लगाने के लिए महाकुंभ में आएंगे। आगे बोलते हुए शाह ने मोदी सरकार के कार्यकाल की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि दस वर्षों में स्थिति बदल गई है। अब, हमारी विचारधारा के अनुसार लगभग सभी लंबित कार्य पूरे हो चुके हैं, चाहे वह जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाना हो, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो, तीन तलाक को खत्म करना या यूसीसी का कार्यान्वयन हो। अब भाजपा अपने तीसरे कार्यकाल में भी इसी रास्ते पर आगे बढ़ेगी।

शाह ने आगे बोलते हुए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जहां इन अधूरे कामों को दस साल में पूरा किया, वहीं पिछली सरकारों ने 70 साल तक इन अधूरे कामों को नहीं छुआ।

## महाकुंभ में अब तक करीब दस करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी

### मौनी अमावस्या की तैयारी तेज



**प्रयागराज।** महाकुंभ में दस दिनों में अब तक करीब 10 करोड़ ( 9.73 ) करोड़ श्रद्धालु पवित्र संगम में डुबकी लगा चुके हैं। श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। महाकुंभ का स्नान 13 जनवरी पौष पूर्णिमा के साथ शुरू हुआ है। दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति पर साढ़े तीन करोड़ से अधिक भक्तों ने संगम में डुबकी लगाई थी। 22 जनवरी को करीब तीस लाख भक्तों ने स्नान किया। इसमें 10 लाख कल्पवासियों के अलावा 20 लाख श्रद्धालु शामिल रहे। 22 जनवरी तक नौ करोड़ 73 लाख श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं।

### मौनी अमावस्या की तेज हुई तैयारी

मौनी अमावस्या 29 जनवरी को है। यह सबसे बड़ा स्नान पर्व माना जाता है। अमावस्या पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। इस बार मौनी अमावस्या पर करीब 10 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है।

### मौनी अमावस्या पर हजारों विदेशी भक्त लगाएंगे संगम में डुबकी

महाकुंभ नगर में 29 जनवरी को होने जा रहे मौनी अमावस्या के अमृत स्नान में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए 10 करोड़ लोगों के पावन त्रिवेणी के तट पर पहुंचने का अनुमान है। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या का अमृत स्नान होगा। मेला प्रशासन के दावे के मुताबिक इस स्नान पर्व में 7 से 10 करोड़ के बीच श्रद्धालुओं और पर्यटकों के महाकुंभ पहुंचने का अनुमान है, जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। प्रशासन के साथ साथ साधु संतों के शिविरों में भी इस पावन अवसर पर अमृत स्नान के लिए आने वाले भक्तों के लिए व्यवस्था की जा रही है। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरि बताते हैं।



### मौनी अमावस्या पर चलेंगी रिकॉर्ड 150 से अधिक स्पेशल ट्रेनें

मौनी अमावस्या पर्व पर होने वाली करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने कमर कस ली है। प्रयागराज रेलवे मंडल की ओर से हर चार मिनट पर एक ट्रेन चलाने की तैयारी की जा रही है। महाकुंभ 2025 की प्रयागराज में शुरूआत 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ हो गई है। मकर संक्रांति के दिन महाकुंभ के पहले अमृत स्नान पर्व पर उम्मीद से अधिक लगभग 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया था।



## न्यूज डायरी

### सांसद राकेश राठौड़ पर रेप मामले में एक और एफआईआर, पीड़िता ने लगाए गंभीर आरोप



**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर से कांग्रेस सांसद राकेश राठौड़ के खिलाफ चल रहे बलात्कार के मामले में एक और एफआईआर दर्ज की गई है। सांसद और उनके परिवार के पांच सदस्यों पर सोशल मीडिया पर पीड़िता की पहचान सार्वजनिक करने तथा पीड़िता पर दबाव बनाने का आरोप लगाया गया है। सीतापुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद राकेश राठौड़ पर उनकी ही जाति की एक महिला ने बलात्कार का आरोप लगाया है। पीड़िता के पति ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि सांसद और उनके बेटे रत्नम राठौड़ लगातार पीड़िता और उसके परिवार पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। पीड़िता के पति ने बताया कि बुधवार को राकेश राठौड़ और उनके परिवार के सदस्य कोमल राठौड़, गोपाल जी राठौड़, अनिल राठौड़, विष्णु राठौड़ और जुगेंद्र राठौड़ ने पीड़िता को बदनाम करने के लिए सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं, जिससे पीड़िता और उसका परिवार मानसिक तनाव में है। इसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर सांसद के परिवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों के स्क्रीनशॉट भी पुलिस को सौंपे हैं। सांसद राठौड़ तक अभी पुलिस नहीं पहुंच सकी है। पुलिस ने मंगलवार रात सांसद के प्रतिनिधि वसीउल्ला खां को गिरफ्तार किया, जो मन्नी चौराहा के निवासी हैं। इसके अलावा एफआईआर में नामजद सांसद के परिवार के अन्य सदस्यों के मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए गए हैं।

## सीएम योगी बोले : क्या केजरीवाल की कैबिनेट यमुना में स्नान कर सकती है ?



**नई दिल्ली।** दिल्ली के चुनावी मैदान में अब यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उतर चुके हैं। उन्होंने गुरुवार को किराड़ी से भाजपा विधानसभा प्रत्याशी बजरंग शुक्ला के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। योगी ने आप सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इन्होंने यमुना को गंदे नाले में बदल दिया। मेरी पूरी कैबिनेट में कुंभ में डुबकी लगाई। क्या केजरीवाल की कैबिनेट यमुना में स्नान कर सकती है? उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव के चलते आज मुझे यहां आने का अवसर मिला है, आज मुझे नजदीक से यहां की सड़कों को देखने का अवसर मिल रहा है। मैं कल ही प्रयागराज से लखनऊ आया हूं, इस सदी का पहला महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में भव्यता से हो रहा है।

10 दिन में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी के संगम में पावन स्नान किया योगी ने कहा कि आप अनुमान करिए कि 13 जनवरी से पौष पूर्णिमा से आज तक इन 10 दिनों में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी के संगम में पावन स्नान किया है। आप प्रयागराज में जाएंगे तो शानदार सड़कें मिलेंगी, कहीं गंदगी नजर नहीं आएगी और बिजली पूरे समय मिलेगी। सड़क से लेकर रेल तक और हवाई तीनों की बेहतरीन कनेक्टिविटी मिलेगी। अगर हम मुख्यमंत्री के रूप में और पूरी कैबिनेट के साथ संगम में स्नान कर सकते हैं, तो मैं केजरीवाल जी से पूछता हूं कि क्या वो और उनकी कैबिनेट यमुना जी में स्नान कर सकते हैं? केजरीवाल ने यमुना को गंदे नाले में तब्दील कर दिया है।

### दिल्ली में जगह-जगह कूड़ा

दिल्ली सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, सड़क पर गड्ढा है या गड्ढे में सड़क है ये आज मैं खुद देख रहा हूं, ये छूट आपने एक व्यक्ति और उसके साथियों को क्यों दे दी है? दिल्ली में इतना कूड़ा हर जगह है कि पूरी राजधानी की दुर्गति हो गई है। आज हमारे वाहनों को यहां उसी सीवर के पानी से गुजरना पड़ा। आजकल अपने भाषणों में केजरीवाल बार बार यूपी की चर्चा कर रहे हैं, लेकिन उन्हें नहीं भूलना चाहिए कि आज यूपी पूरे देश में एक मॉडल के रूप में विकसित हुआ है। दिल्ली और नोएडा की सड़कों को स्वयं देखिए, दिल्ली और गाजियाबाद की सड़कों को देखिए, जमीन और आसमान का अंतर आपको स्वयं नजर आएगा।

### 'आप झूठ बोलने की एटीएम मशीन'

केजरीवाल ने अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा दिया, जो गुरु को धोखा दे सकता है वो जनता को भी धोखा देगा। दिल्ली में बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। आप झूठ बोलने की एटीएम मशीन है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की तस्वीर को बदसूरत कर दिया,आम आदमी पार्टी को सत्ता में आने का कोई अधिकार नहीं है।

### केजरीवाल कर रहे राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़

आम आदमी पार्टी दिल्ली में घुसपैठियों को आधार बांट रही है। रोहिंग्या को दिल्ली में बसाया जा रहा है। अरविंद केजरीवाल राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, इन्होने यहां दंगे करवाए।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जायेगा भोपाल का फ्लाई-ओवर, सीएम बोले: बावड़ियां कला में बनेगा ब्रिज



### कांग्रेस के शासन में भोपाल का विकास नहीं हुआ

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस के शासन में भोपाल का कभी विकास नहीं हो पाया। कांग्रेस ने भोपाल के विकास को रोके रखा लेकिन पटवा सरकार में विकास की नई इबारत लिखी गई। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द बैरागढ़ ब्रिज का लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री ने बावड़ियाकलां में 180 करोड़ की लागत से नया ब्रिज बनाए जाने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द राजधानी वृहद परियोजना का नक्शा आने वाला है। जिसमें भोपाल, रायसेन, सीहोर, विदिशा को मिलाकर एक बड़ी परियोजना बनाई जाएगी।

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भोपाल के सबसे लंबे ब्रिज जीजी फ्लायओवर का लोकार्पण किया। 153 करोड़ की लागत से बने 2534. मी. लंबे इस ब्रिज को अब डॉ भीमराव अंबेडकर सेतु के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने संबोधन में इस बात की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस ब्रिज का एक सिरा सुभाष चंद्र बोस सेतु से जुड़ता है तो दूसरा सिरा सावरकर सेतु से जुड़ेगा। ऐसे में हम इस ब्रिज का नाम डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम पर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना, अतिक्रमण, मेट्रो प्रोजेक्ट जैसी कई मुश्किलों के बावजूद श्रमिकों ने रात-रात भर जागकर इस सेतु का निर्माण किया। कांग्रेस ने नेताजी बोस को घर बैठाया वहीं सुभाष जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उन्हें नमन करते हुए कहा कि नेताजी ने अंग्रेजों के शासनकाल में सबसे कठिन क्ठर की परीक्षा पास की लेकिन उन्होंने अंग्रेजों की गुलामी नहीं की बल्कि देश की आजादी की लड़ाई में शामिल हो गए।

## यूपी के छह लोगों को मिलेगा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान, उपराष्ट्रपति, राज्यपाल और सीएम योगी रहेंगे मौजूद



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक अवध शिल्पग्राम में होगा। इसके साथ ही महाकुंभ के सेक्टर-7, नोएडा शिल्पग्राम समेत सभी 75 जनपदों में भी विविध आयोजन होंगे। लखनऊ में होने वाले मुख्य महोत्सव में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। स्थापना दिवस की थीम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' है। इस बार छह लोगों को 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान' प्रदान किया जाएगा। लोकभवन सभागार में मीडिया से मुखातिब संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के आयोजन की थीम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' रखी गई है। सभी विभागों द्वारा उसी थीम पर प्रदर्शनी, संगोष्ठी, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता, रोड शो आदि होंगे। 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस-मतदाता जागरूकता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का धूमधाम से आयोजन होगा। विरासत व विकास पर अलग-अलग प्रदर्शनी लगाई जाएगी। विरासत पर लगाई गई प्रदर्शनी में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष पर उनके जीवन प्रसंग आदि से दर्शक अवगत हो सकेंगे। इसके अलावा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, सरदार वल्लभ भाई पटेल, हमारा संविधान व हमारा स्वाभिमान आदि पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के सफल प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 75 जनपदों के ओडीओपी, कला शिल्प की प्रदर्शनी, फूड कोर्ट में विभिन्न अंचलों का स्वाद भी ले सकेंगे। राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर 25 जनवरी को विभाग की तरफ से युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों द्वारा पेंटिंग, रील्स, पर्यटन प्रदर्शनी आदि लगाई जाएगी। आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन पर आधारित लघु फिल्म व युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों की गतिविधियों पर आधारित लघु फिल्म प्रस्तुत की जाएगी। 26 जनवरी को संस्कृति, कला जगत से जुड़ी हस्तियों को राजभवन में सम्मानित किया जाएगा।

## सीएम सुक्खू ने ढगवार में रखी मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट की आधारशिला



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरूवार को धर्मशाला के ढगवार में 225 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट की आधारशीला रखी। साथ ही इसे अगले साल तक पूरा करन का अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने ढगवार में 1.5 लाख लीटर प्रतिदिन (एलएलपीडी) की प्रारंभिक क्षमता वाला एक स्वचालित दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित कर रही है, जिसे 3 लाख लीटर प्रतिदिन (एलएलपीडी) तक बढ़ाया जा सकता है। इस मिल्क प्लांट से दूध उत्पादकों और पशु पालकों के दिन बहुरेंगे। मुख्यमंत्री सुक्खू ने आगे कहा कि इस संयंत्र के लिए दूध की खरीद चार जिलों कांगड़ा, ऊना, चंबा और हमीरपुर से होगी, जिससे लगभग आधा हिमाचल प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होगा। दूध के संग्रह के लिए जिला कांगड़ा सहित अन्य जिलों में भी सहकारी समितियों के गठन पर जोर दिया जाएगा। इस पहल से आजीविका के नए अवसर पैदा होने के साथ डेयरी फार्मिंग का विस्तार होग। इस अत्याधुनिक सुविधा से दूध, फ्लेवर्ड दूध, दही, पनीर, लस्सी, खोआ, पनीर सहित तमाम डेयरी उत्पादों का उत्पादन होगा। मुख्यमंत्री सुक्खू ने आगे कहा कि दूध उत्पादन के व्यवसाय को लाभप्रद बनाने के लिए हमने 'हिम गंगा' योजना की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य राज्य में दूध आधारित अर्थव्यवस्था विकसित करना है। इस संयंत्र का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के पशुपालकों को उनके दूध के लिए एक विश्वसनीय बाजार प्रदान करके सीधे लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह संयंत्र पशुपालकों की आय को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। हिमाचल पहला ऐसा प्रदेश बन गया है, जिसने गाय के दूध पर 45 रुपए एमएसपी जबकि भैंस के दूध पर 55 रुपए एमएसपी तय किया है, जिसका सीधा लाभ ग्रामीणों को होगा।

## बीमारी से 17 लोगों की मौत...बड्डाल बना कंटेनमेंट जोन, भीड़ पर रोक, तारबंदी से की गई घेराबंदी




**जम्मू।** राजोरी के बड्डाल गांव में 13 बच्चों सहित 17 लोगों की रहस्यमय बीमारी के चलते मौत हो गई थी। जिसके बाद पूरे गांव को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। वहीं बड्डाल से 120 लोगों को शिफ्ट किया गया है। बड्डाल को कंटेनमेंट जोन घोषित करने के बाद प्रशासन ने वहां से लोगों को स्थानांतरित करना शुरू कर दिया है। बुधवार देर शाम को गांव से 120 लोगों को राजोरी के नर्सिंग कॉलेज की इमारत में बनाए गए क्वारंटीन सेंटर में भेजा गया। राजोरी भेजे गए लोगों में मृतकों के परिवारों के निकट संबंधी हैं। जानकारी के अनुसार, बड्डाल गांव में मोहम्मद फजल, मोहम्मद असलम और मोहम्मद रफीक के परिवारों से 13 बच्चों सहित 17 लोगों की रहस्यमय बीमारी के चलते मौत हो गई थी। बच्चों को अस्पताल ले जाने से लेकर उन्हें दफनाने तक कई लोग पीड़ित परिवारों के संपर्क में आए हैं। प्रशासन ने ऐसे लोगों को एहतियातन गांव से दूर कर दिया है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग यह कह चुका है कि मौतें किसी वायरस के कारण नहीं हुई हैं, इसलिए लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि राजोरी के क्वारंटीन सेंटर के बाहर तारबंदी की गई है।

### बड्डाल को तीन जोन में बांटा, प्रशासन दे रहा खाना

बड्डाल में प्रशासन ने बाहरी लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही गांव को तीन जोन में बांट दिया गया है। मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट राजोरी अभिषेक शर्मा ने क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित किया था। बुधवार से स्वास्थ्य अधिकारियों सहित प्रशासनिक अमले ने आदेशों पर अमल शुरू कर दिया है। बड्डाल में प्रभावित परिवारों और करीबी संपर्कों की निगरानी के लिए टीमें तैनात की गई हैं।

### क्वारंटीन सेंटर की कड़ी सुरक्षा, तारबंदी की गई

कॉलेज के भवन को क्वारंटीन सेंटर घोषित करके उसकी कड़ी सुरक्षा कर तारबंदी कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि वीरवार को भी लोगों को क्वारंटीन सेंटर भेजा जाएगा। सभी लोगों को स्क्रीनिंग के बाद ही क्वारंटीन सेंटर भेजा जा रहा है। गुज्जत मंडी स्थित बीएससी नर्सिंग कॉलेज में लोगों के ठहरने का इंतजाम किया गया है। बड्डाल को कंटेनमेंट जोन घोषित करने के बाद लोगों को स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी राजोरी में शिफ्ट किया गया।

## हरियाणा सरकार के 100 दिन पूरे

### पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को दी तीन 'वी' उपाधि, विपक्षी भी सीएम के फैन



**हरियाणा।** हरियाणा भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे हो गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी प्रदेश के लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। इतना ही नहीं पीएम मोदी ने सीएम नायब सैनी को दी तीन 'वी' उपाधि दी है। हरियाणा की भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के वीरवार को 100 दिन पूरे हुए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 12 मार्च 2024 को विधानसभा में पहली बार बहुमत सिद्ध करने के बाद अपनी हंसमुख और मृदुभाषी शैली के चलते जन-जन में लोकप्रिय हुए हैं। उनका व्यक्तित्व सैलीब्रिटी से भी अधिक प्रदेश के लोगों के दिलों में रचा-बसा है। हरियाणा गठन के बाद नायब सिंह सैनी प्रदेश के ऐसे पहले मुख्यमंत्री हैं, जिन्हें इतने कम समय में अपनी कुशल कार्यशैली की बदौलत लोकप्रियता मिली है, जिसके चलते जनता-जनार्दन ने हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का जनादेश दिया है। 100 दिन के दूसरे कार्यकाल में मुख्यमंत्री लोगों के दिलों में गहरे तक अमिट छाप छोड़ने में कामयाब हुए हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी देवीलाल भी अपनी मिलनसार प्रवृति के कारण ऐसे ही लोकप्रिय नेता थे।